बुधवार
24 मई, 2023
डिजिटल संस्करण

# केशव टाइम्स
आपकी आवाज



बिना निबंधन गंगा नदी में नहीं चलेगी नाव, रखना होगा लाइफ जैकेट व ट्यूब 3

प्रमुख खबरें : पटना ■ भोजपुर ■ बक्सर ■ रोहतास ■ पूर्वांचल ■ मिथिलांचल ■ विविध ■ खेल ■ आर्थिक

# यूपीएससी टॉप-10 में छह बेटियां, पटना की इशिता किशोर बनीं टॉपर

- संघ लोक सेवा आयोग के सिविल सेवा परीक्षा 2022 का फाइनल रिजल्ट जारी
- बक्सर की गरिमा लोहिया सेकेंड टॉपर जबकि पटना के रहनेवाले राहुल श्रीवास्तव को मिला दसवां रैंक

**एजेंसी/नई दिल्ली**



इशिता किशोर | गरिमा लोहिया | उमा हरति एन | राहुल श्रीवास्तव

संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) ने सिविल सेवा परीक्षा 2022 का फाइनल रिजल्ट मंगलवार को जारी कर दिया। रिजल्ट में बिहार की बेटियों ने परचम लहराया है। इस बार यूपीएससी की परीक्षा में पहला और दूसरा रैंक प्राप्त करने वाली दोनों बेटियां बिहार की हैं। पहला स्थान पटना की इशिता किशोर को जबकि दूसरा स्थान बक्सर की गरिमा लोहिया को मिला। इशिता का परिवार पहले पटना में ही रहता था। कुछ वर्ष पहले वे लोग नोयडा में शिफ्ट हो गए। वहीं उमा हरति एन को तीसरा स्थान मिला

संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा में पटना के राहुल श्रीवास्तव को दसवां रैंक मिला है। 17वें स्थान पर अररिया के अविनाश कुमार टॉप 20 में जगह बनाने में सफल रहे हैं। इसके अलावा 44वां रैंक प्राप्त करने वाले तुषार कुमार वर्तमान में मोहनियां में अवर निर्वाचन पदाधिकारी के पद पर नियुक्त हैं। वहीं आदित्य पांडेय को 47वां रैंक प्राप्त हुआ है। शिवहर के प्रिंस कुमार को 89वां रैंक हासिल हुआ है। इनके अलावा बिहार के दर्जनों छात्रों का चयन सिविल सेवा के विभिन्न पदों के लिए हुआ है। साक्षात्कार के लिए बिहार से 56 छात्रों का चयन हुआ था। वर्ष 2020 में बिहार के शुभम देशभर में टॉपर बने थे।

यूपीएससी की आधिकारिक वेबसाइट upsc.gov.i पर रिजल्ट जारी कर दिया गया है। कुल 933 उम्मीदवारों को सफल घोषित किया गया है। यूपीएससी आईएएस परीक्षा 2022 में इशिता किशोर ने टॉप किया है। दूसरे स्थान पर गरिमा लोहिया और तीसरे स्थान पर उमा हरति एन रहीं। चौथा स्थान स्मृति मिश्रा और पांचवां मयूर हजारिका ने हासिल किया है। पहले चारों स्थानों पर बेटियों का कब्जा रहा।

## पहले दो प्रयास में प्रीलिम्स भी क्रैक नहीं कर पाई थीं इशिता

टॉपर इशिता किशोर का जन्म हैदराबाद में हुआ था उनके पेरेंट्स पटना से हैं और वो ग्रेटर नोएडा में रहती हैं। उनकी स्कूलिंग और कॉलेज दोनों ही दिल्ली से हुए हैं। इसके साथ ही उन्होंने SRCC से इकोनॉमिक्स में स्नातक की डिग्री हासिल की है। इस अटेम्प्ट के पहले वे अपने पिछले दो प्रयास में वह प्रीलिम्स क्रैक नहीं कर पाई थीं लेकिन अपने तीसरे अटैम्पट में उन्होंने जी तोड़ मेहनत कर आल इंडिया रैंक 1 हासिल की। इशिता ने घर से ही सेल्फ स्टडी करके ही ये मुकाम हासिल किया है। इस दौरान उन्होंने बताया की वो दिन में 8 से 9 घंटे तक पढ़ाई करती थी। करंट अफेयर्स की तैयारी के लिए उन्होंने बताया कि इसके लिए कोई भी एक वेबसाइट को अच्छी तरह फॉलो करें और उसके नोट्स रेगूलर बनाएं, तीन चार जगह ना भटकें। स्टैटिक्स बुक्स और न्यूज पेपर अच्छे से पढ़ें, अखबार तीनों स्टेज में बहुत काम आता है। प्रीलिम्स मैंस और इंटरव्यू तीनों में तीनों चीजों के लिए अखबार को पढ़ने का तरीका अलग होता है। प्रीलिम्स के लिए उन्होंने बताया कि प्रीलिम्स के लिए एनालिटिकल स्किल्स यूज करना चाहिए। हमेशा प्रेजेंस ऑफ माइंड रहना बेहद जरूरी है।

अभ्यर्थियों को कितने अंक मिले इसकी घोषणा 15 दिनों बाद होगी। 18 अप्रैल तक यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा के साक्षात्कार हुए थे। मुख्य परीक्षा में सफल होने वाले लगभग 2529 उम्मीदवारों को साक्षात्कार के लिए बुलाया गया था। यूपीएससी ने आईएएस, आईपीएस समेत सर्विसेज में 1011 पदों पर भर्ती निकाली थी। इसमें चयनित उम्मीदवारों में 345 जनरल, 99 ईडब्ल्यूएस, 263 ओबीसी, 154 एससी, 72 एसटी उम्मीदवार हैं। 178 उम्मीदवारों को रिजर्व में रखा गया है, जिनमें 89 जनरल कैटेगरी के हैं। 28 ईडब्ल्यूएस, 52 ओबीसी, 5 एससी, 4 एसटी वर्ग के उम्मीदवार हैं।

# ज्ञानवापी से जुड़े सात मामलों की सुनवाई एक साथ होगी

**केटी न्यूज/वाराणसी**



ज्ञानवापी से जुड़े सात मामलों की सुनवाई एक साथ, एक अदालत में किए जाने से संबंधित मांग पर मंगलवार को कोर्ट ने फैसला दे दिया है। जिला जज डॉ. अजय कृष्ण विश्वेश ने सभी मामले एक साथ सुनने का आदेश दिया है। यानी की अब सात मामलों की सुनवाई एक साथ, एक अदालत में होगी।

बता दें कि, इस मामले की सुनवाई सोमवार को जिला जज डॉ. अजय कृष्ण विश्वेश की अदालत में हुई। वादिनी महिलाओं के अधिवक्ता सुभाष नंदन चतुर्वेदी के मुताबिक, अदालत ने फैसला सुरक्षित रख लिया था। मां श्रृंगार गौरी प्रकरण की चार महिला वादिनियों सीता साहू, मंजू व्यास, लक्ष्मी देवी और रेखा पाठक की ओर से जिला जज की अदालत में प्रार्थना पत्र दिया गया था। अदालत से अनुरोध किया गया था कि ज्ञानवापी प्रकरण से जुड़े एक ही प्रकृति के सात अलग-अलग मुकदमों की सुनवाई जिला जज की अदालत में की जाए। इसके बाद जिला जज की अदालत ने आदेश पारित किया और अलग-अलग मुकदमों से संबंधित फाइलें तलब कीं। मामले में सभी पक्षों के बयान पहले ही दर्ज हो चुके थे।

## खबरें फटाफट

### पटना के कृष्णापुरी में मिली नकली नोट छापने की मशीन

**पटना।** पटना के कृष्णापुरी स्थित राजाराम अपार्टमेंट से नकली नोट छापने की मशीन मिली है। कृष्णापुरी थाना पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि आनंदपुरी राजाराम अपार्टमेंट के ग्राउंड फ्लोर फ्लैट नंबर 1 में विदेशी शराब की तस्करी की जा रही है।सूचना मिलने के बाद कृष्णापुरी थाने की पुलिस ने छापेमारी करने पहुंची थी। यहां भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब के साथ 1 लाख 77 हजार के 500 के नकली नोट, 26 सौ रुपए के 200 का नकली नोट के साथ 146 पेपर आधे बने नकली नोट की भी बरामदगी हुई है। इस मामले में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। वहीं, छापेमारी करने गए थानाध्यक्ष विधान चंद्र ने बताया कि कमरे में छह लोग मौजूद थे। पुलिस को देख खिड़की तोड़ कर भागने लगे। वहां भागने के दौरान एक आरोपी का पैर टूट गया। इस वजह से वह घायल हो गया। जबकि, चार लोग मौके से फरार हो गए, लेकिन दो लोगों को पुलिस दबोच लिया है। वहीं, कमरे की जांच के दौरान नकली नोट के बंडल और नोट बनाने के पेपर समेत भारी मात्रा में शराब की बोतल को बरामद किया गया है। अन्य की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। गिरफ्तार दोनों आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

## जी-20 पर्यटन कार्य समूह की तीन दिवसीय बैठक श्रीनगर में आयोजित

# जम्मू कश्मीर में विकास व शांति की असीम संभावनाएं : सिन्हा

- सम्मेलन में चीन को छोड़कर कुल 25 देशों के प्रतिनिधि ले रहे हिस्सा
- उपराज्यपाल मनोज सिन्हा बोले- जम्मू कश्मीर एक नए युग का बन रहा है गवाह,

**एजेंसी/श्रीनगर**




श्रीनगर में आयोजित जी-20 पर्यटन कार्य समूह की तीन दिवसीय तीसरी बैठक के दूसरे दिन मंगलवार को उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने अपने संबोधन में कहा कि जम्मू कश्मीर एक नए युग का गवाह बन रहा है, जिसमें विकास और शांति की असीम संभावनाएं हैं। अब विदेशी निवेश भी जम्मू-कश्मीर में आ रहे हैं। प्रदेश की जनता बेहतर कल की ओर बढ़ रही है। उपराज्यपाल ने कहा कि कश्मीर में जी20 बैठक की पहल भारत के संकल्प को प्रदर्शित करती है कि जम्मू कश्मीर को भी बाकी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की तरह लोकतंत्र के गुणों का लाभ मिलना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि जम्मू कश्मीर हमेशा ज्ञान, शिक्षा, समावेशी संस्कृति और लुभावने परिदृश्य का केंद्र रहा है जो यात्रियों को हमेशा सुखद अहसास दिलाता रहा है। मशहूर शायर अमीर खुसरो ने जम्मू-कश्मीर के प्राकृतिक सौन्दर्य का वर्णन करते हुए कहा था- अगर धरती पर कहीं जन्नत है, तो यहीं है, यहीं हैं, यहीं हैं।

एलजी सिन्हा ने कहा कि पर्यटन अलगाव में विकसित नहीं हो सकता। इसका अर्थशास्त्र ठीक है, कि पर्यटन को अच्छे बुनियादी ढांचे, अच्छी नीतियों और प्रभावी और उत्तरदायी प्रशासन की जरूरत है। जम्मू कश्मीर भारत के विकसित क्षेत्रों में से कुछ मापनीय मील के पत्थर पर खड़ा है। हम आर्थिक और सामाजिक दोनों तरह से लोगों की समृद्धि के लिए प्रतिबद्ध हैं।

जी-20 बैठक में चीन के शामिल नहीं होने पर केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने दो टूक शब्दों में कहा कि इस बैठक में चीन के शामिल न होने से कोई फर्क नहीं पड़ता और इसमें उनका ही नुकसान है, भारत का नहीं। दरअसल चीन को छोड़कर जी-20 के अन्य सभी देशों के प्रतिनिधि तीसरे जी20 पर्यटन कार्य समूह की बैठक में भाग लेने के लिए सोमवार को श्रीनगर पहुंचे। इसे लेकर बैठक से इतर जितेंद्र सिंह ने से कहा, इससे (चीन के बैठक में शामिल नहीं होने) कोई फर्क नहीं पड़ता। चीन का नहीं आना चीन का नुकसान है, भारत का नहीं

यह पूछे जाने पर कि क्या चीन की गैरहाजिरी पूर्वी लद्दाख सीमा पर गतिरोध से जुड़ा है, सिंह ने कहा कि विदेश मंत्रालय इस पर विचार करेगा। वहीं कश्मीर में जी-20 कार्यक्रम आयोजित करने पर जितेंद्र सिंह ने कहा कि अलग-अलग स्थल प्रतिनिधियों को उन जगहों के बारे में जानकारी देंगे, जहां वे जाते हैं।

प्रधानमंत्री कार्यालय में केंद्रीय राज्यमंत्री ने कहा, हम यूरोप के कुछ देशों की तरह एक छोटे, सजातीय राष्ट्र नहीं हैं। हम विविधता वाले देश हैं। वहीं कश्मीर पर पाकिस्तानी दुष्प्रचार के बारे में पूछे जाने पर केंद्रीय मंत्री ने कहा कि लोग अब आगे बढ़ चुके हैं। उन्होंने कहा, ह्यसबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि आम जनता आगे बढ़ चुकी है। अगर आप श्रीनगर में सड़क पर किसी व्यक्ति से बात करेंगे, तो शायद वह खुलकर बात न करेंङ्घ लेकिन आतंक के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई से डर का साया उठ रहा है। जी-20 सम्मेलन में सदस्य राष्ट्रों में 17 और आमंत्रित अतिथि देशों में से आठ राष्ट्रों समेत कुल 25 देशों के प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं। कश्मीर घाटी में वर्ष 1986 के बाद यह अपनी तरह का पहला बड़ा अंतर्राष्ट्रीय आयोजन है। डल झील में नौसेना का मार्कोस दस्ता और सीआरपीएफ के वाटर विंग के जवान तैनात किए गए हैं।

## शिवानंद तिवारी की पत्नी का निधन

**पटना।** आरजेडी के वरिष्ठ नेता शिवानंद तिवारी की पत्नी और आरजेडी विधायक राहुल तिवारी की मां बिमला तिवारी का सोमवार की शाम निधन हो गया। वे 15 मई से पारस अस्पताल की इमरजेंसी में भर्ती थीं। 13 मई 1965 को उनकी शादी शिवानंद तिवारी के साथ हुई थी। राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद ने उनके निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया और कहा कि विमला जी सरल स्वभाव की संवेदनशील, धार्मिक व्यक्तित्व की मालकिन थीं। उनके निधन से मेरे परिवार का एक सच्चा दोस्त हम लोगों से जुदा हो गया।

# सपा विधायक इरफान सोलंकी की 50 करोड़ की संपत्ति होगी सीज

**एजेंसी/कानपुर**

कानपुर के सपा विधायक इरफान सोलंकी के खिलाफ पुलिस का ताबड़तोड़ एक्शन जारी है। इरफान सोलंकी की 50 करोड़ की संपत्ति पुलिस जल्द ही सीज करेगी। इसके साथ ही दूसरी बड़ी कार्रवाई इरफान समेत आठ लोगों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट में पुलिस चार्जशीट दाखिल करने वाली है। पुलिस अफसरों का एक पैनल इस चार्जशीट की समीक्षा कर रहा है। 2 दिन के भीतर कोर्ट में चार्जशीट दाखिल हो सकती है। जून में इरफान सोलंकी को कोर्ट सजा सुना सकता है। महिला का घर फूंकने के मामले में कोर्ट की सुनवाई अंतिम पड़ाव में है। कानपुर सीसामऊ विधानसभा से सपा विधायक इरफान सोलंकी महाराजगंज जेल में बंद है। ज्वाइंट पुलिस कमिश्नर आनंद प्रकाश तिवारी ने बताया कि इरफान सोलंकी ने गैंग बनाकर अवैध तरीके से अरबों की संपत्ति बनाई। पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट की एफआईआर दर्ज की। इसके बाद इरफान की करीब 150 करोड़ की काली संपत्ति चिह्नित की गई। इसे गैंगस्टर एक्ट के तहत सीज किया जा रहा है।




## ऑस्ट्रेलिया पहुंचे पीएम नरेंद्र मोदी ने सिडनी में भारतीय समुदाय को किया संबोधित

# ब्रिस्बेन में खोला जाएगा भारत का नया वाणिज्य दूतावास: मोदी

**एजेंसी/नई दिल्ली**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीन देशों की यात्रा के अंतिम चरण में सोमवार को ऑस्ट्रेलिया पहुंचे थे। अपने दौरे के दूसरे दिन उन्होंने सिडनी के कुडोस बैंक एरिना में भारतीय समुदाय को संबोधित किया। संबोधन के दौरान पीएम मोदी ने ब्रिस्बेन में वाणिज्य दूतावास के शुभारंभ का एलान किया। साथ ही पीएम ने भारत-ऑस्ट्रेलिया संबंधों से लेकर क्रिकेट तक पर बात की। जहां उन्होंने कोरोना महामारी के दौरान भारत द्वारा चलाए गए सबसे बड़े वैक्सिनेशन अभियान का जिक्र करके भारत के बढ़ते कद को दुनिया को दिखाया वहीं, 2014 में के वादे का हवाला देकर बिना नाम लिए कांग्रेस पर तंज भी कसा।

एरिना में पीएम मोदी ने नमस्ते ऑस्ट्रेलिया से अपने संबोधन की शुरूआत की। उन्होंने वहां मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि एक समय था जब कहा जाता था कि भारत और ऑस्ट्रेलिया के संबंध 3सी (कॉमनवेल्थ, क्रिकेट, करी) पर आधारित है। उसके बाद कहा गया कि भारत और ऑस्ट्रेलिया का संबंध 3डी (डेमोक्रेसी, डायसपोरा, दोस्ती) पर आधारित है। इसके बाद में कुछ लोगों ने यह भी कहा कि भारत और ऑस्ट्रेलिया का संबंध 3ई (एनर्जी, इकोनॉमी, एजुकेशन) पर आधारित है। लेकिन भारत-ऑस्ट्रेलिया के ऐतिहासिक संबंधों का विस्तार इससे कहीं ज्यादा बड़ा है। इस दौरान पीएम मोदी ने ब्रिस्बेन में भारत का नया कॉन्सुलेट (वाणिज्य दूतावास) खोला जाएगा। उन्होंने कहा कि इसकी मांग काफी समय से की जा रही थी, जिसके बाद यह फैसला किया गया है।

पीएम मोदी ने कहा कि 'भारत ऑस्ट्रेलिया के संबंधों का सबसे बड़ा आधार है- म्यूचुअल ट्रस्ट और म्यूचुअल रिस्पेक्ट। यह सिर्फ ऑस्ट्रेलिया-भारत के राजनयिक रिश्तों से विकसित नहीं हुआ है। इसकी असली वजह और ताकत है- आप ऑस्ट्रेलिया में रहने वाले हर एक भारतीय। आप उसकी असली ताकत हैं। ऑस्ट्रेलिया के ढाई करोड़ से ज्यादा सिटीजन। हमारे बीच भौगोलिक दूरी जरूर है। लेकिन हिंद महासागर हमें आपस में जोड़ता है। हमारी जीवनशैलियां भले ही अलग हों, लेकिन अब योगा भी हमें जोड़ता है। क्रिकेट से तो न जाने हम कबसे जुड़े हैं, लेकिन अब टेनिस और फिल्में भी हमें जोड़ रही हैं। हमारे यहां खाना बनाने का तरीका भले ही अलग-अलग है। लेकिन अब मास्टरशेफ हमें जोड़ता है।

# एनटीईपी के लिए निर्धारित लक्ष्यों का किया जायेगा नियमित पर्यवेक्षण एवं अनुश्रवण

- यक्ष्मा उन्मूलन के लिए वर्ष 2025 का लक्ष्य है निर्धारित
- 84 सीबी नाट 207 ट्रू नाट मशीन से हो रही राज्य में यक्ष्मा रोगियों की जांच

**केटी न्यूज/बक्सर**





राज्य के सभी जिलों में टीबी उन्मूलन से संबंधित संयुक्त राष्ट्र संघ के विकास लक्ष्यों के निर्धारित समय सीमा, वर्ष 2030 से पांच वर्ष पहले 2025 तक प्राप्त करने का लक्ष्य रखा गया है। टीबी उन्मूलन के लिए आवश्यक प्रयासों के कारण टीबी नोटिफिकेशन, ड्रग रेसिस्टेंट रोगियों की पहचान, नियमित पूरा उपचार के लिए नियमित काउंसलिंग, समय से पहले उपचार प्रारंभ करने की क्षमता, टीबी रोगियों में एचआईवी एवं मधुमेह की पहचान के साथ-साथ टीबी रोगियों के खाते में डीबीटी के माध्यम से निक्षय पोषण राशि के भुगतान आदि मानकों में लगातार प्रगति दर्ज की जा रही है। राज्य में 84 सीबी नाट 207 ट्रू-नेट मशीन से यक्ष्मा मरीजों की जांच की जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सभी उपलब्ध संसाधनों का पूर्ण उपयोग नहीं हो पा रहा है। राष्ट्रीय यक्ष्मा उन्मूलन कार्यक्रम के लिए वर्ष 2023-24 के लिए निर्धारित भौतिक एवं वित्तीय लक्ष्यों की शत-प्रतिशत प्राप्ति के लिए जिले/प्रखंड एवं आयुष्मान भारत हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर निरंतर पर्यवेक्षण एवं अनुश्रवण जरुरी है। इस बाबत सचिव स्वास्थ्य-सह-कार्यपालक निदेशक, राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार संजय कुमार सिंह ने पत्र द्वारा आदेश जारी किया है।

**चिकित्सा पदाधिकारियों एवं विशेषज्ञों द्वारा किया जायेगा पर्यवेक्षण एवं अनुश्रवण:** जारी पत्र में निर्देशित है कि टीबीडीसी, पटना एवं दरभंगा में पदस्थापित 10 चिकित्सा पदाधिकारियों, स्टेट टेक्निकल सपोर्ट यूनिट के 10 विशेषज्ञों एवं विश्व स्वास्थ्य संगठन के 6 परामर्शियों के माध्यम से यक्ष्मा उन्मूलन कार्य का निरंतर सपोर्टिव सुपरविजन एवं मॉनिटरिंग करने का निर्णय लिया गया है। प्रत्येक माह के 25 तारीख तक अगले माह की कार्य योजना तथा पिछले माह का संक्षिप्त प्रतिवेदन एवं दल द्वारा जिला विशेष के लिए चयनित संकेतकों पर प्रगति राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी को ई-मेल द्वारा भेजा जायेगा।

**संयुक्त रूप से किया जायेगा जिलों का भ्रमण:** जारी पत्र में बताया गया है कि जिलों का भ्रमण टीबीडीसी के चिकित्सा पदाधिकारी, स्टेट टेक्निकल सपोर्ट यूनिट के विशेषज्ञ तथा विश्व स्वास्थ्य संगठन के परामर्शी द्वारा संयुक्त रूप से जिलों का भ्रमण करने का प्रयास किया जाये। जिला छोड़ने से पहले सिविल सर्जन, संचारी रोग पदाधिकारी, जिला कार्यक्रम प्रबंधक से मिलकर सामने आ रही किसी भी तरह की कठिनाई के समाधान के लिए साकारात्मक प्रयास किये जाएं। साथ ही प्रत्येक त्रैमास में समय लेकर जिला पदाधिकारी को महत्वपूर्ण संकेतकों पर प्रगति तथा प्रखंड में व्याप्त दिक्कतों को उनके संज्ञान में लाया जाये।

## पांच हजार का इनामी और टॉप टेन में शामिल कुख्यात माखन गिरफ्तार

**आरा।** टॉप टेन और इनामी अपराधियों की धरपकड़ में जुटी भोजपुर पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी। पुलिस पांच हजार के इनामी कुख्यात माखन यादव उर्फ संजीत सिंह को गिरफ्तार कर लिया है। वह इमादपुर थाना क्षेत्र के राजपुर गांव निवासी दिनेश यादव का पुत्र है। उसे सोमवार की रात आरा नगर थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया। वह भोजपुर के साथ रोहतास पुलिस के लिए भी सिरदर्द बन गया था। उसके खिलाफ भोजपुर और रोहतास जिले के विभिन्न थानों में हत्या, हत्या के प्रयास और आर्म्स एक्ट सहित करीब दर्जन भर केस दर्ज है। वह अधिकतर मामलों में फरार चल रहा था। उसका नाम भोजपुर के टॉप टेन अपराधियों की सूची में दसवें स्थान पर था। तरारी में माले नेता झरी पासवान की हत्या के बाद से वह सुर्खियों में आ गया था। एसपी प्रमोद कुमार की ओर से प्रेस कांफ्रेंस कर उसकी गिरफ्तारी की सूचना दी गयी। उन्होंने बताया कि कुख्यात, टॉप टेन और टॉप बीस अपराधियों की गिरफ्तारी को लेकर टीम बनाकर लगातार छापेमारी की जाती है। उसी क्रम में सोमवार की रात टॉप टेन और पांच हजार का इनामी अपराधी माखन यादव के नगर थाना क्षेत्र में छुपे होने की सूचना मिली। उसके बाद एएसपी चंद्रप्रकाश के नेतृत्व में टीम गठित कर चिन्हित जगह पर छापेमारी कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया। एसपी ने बताया कि उसकी गिरफ्तारी पुलिस के लिए बड़ी सफलता है। टीम में नगर थाना और डीआईयू के अफसर व जवान शामिल थे।

### लूट की साजिश करते पकड़े गए तीन बदमाश; चौथा आरा से धराया, एक कट्टा व पांच गोली बरामद

# पुलिस के साथ मुठभेड़ व लूट में वांछित 4 बदमाश गिरफ्तार, हथियार भी बरामद

**केटी न्यूज/आरा**

जिला मुख्यालय में नगर थाने के नजदीक पिछले दिनों पेट्रोल पंप मालिक से पांच लाख की लूट और मुठभेड़ में शामिल चार अन्य अपराधियों को पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया है। एएसपी चंद्रप्रकाश के नेतृत्व में आरा और कोईलवर थाने की पुलिस द्वारा चारों को गिरफ्तार किया गया है। इनमें एक को आरा जबकि तीन को कोईलवर से गिरफ्तार किया गया है। कोईलवर में पकड़े गए बदमाशों के पास से एक देसी कट्टा, पांच गोली और एक बाइक बरामद की गयी है। तीनों को लूट की साजिश करते गिरफ्तार किया गया है। उनमें कोईलवर थाना क्षेत्र के मानाचक निवासी अंकित पांडेय, उसी गांव के रजनीश कुमार उर्फ प्रकार उर्फ भुवर और काजीचक गांव निवासी अन्नु रहमान शामिल हैं। इनमें अंकित पांडेय फरवरी माह में पटना के बिहटा इलाके में बर्तन कारोबारी से दस लाख की लूट में भी वांछित था।

वहीं नगर थाने की पुलिस द्वारा कसाईटोला निवासी आरिफ को गिरफ्तार किया गया है। चारों ने पेट्रोल पंप मालिक से लूट और पुलिस के साथ मुठभेड़ में शामिल होने की बात स्वीकार कर ली है। इस मामले में अबतक छह बदमाशों को गिरफ्तार





- पकड़े गए अपराधियों में एक पटना के दस लाख की लूट में है वांछित

किया जा चुका है। एसपी प्रमोद कुमार द्वारा मंगलवार को प्रेस कांफ्रेंस में यह जानकारी दी गयी। उन्होंने बताया कि पंप संचालक से लूट और मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार अपराधियों से पूछताछ में कसाई टोला के रहने वाले आरिफ का नाम आया था। उस आधार पर सोमवार की रात उसे पुलिस टीम द्वारा उसे गिरफ्तार कर लिया गया। छापेमारी में नगर थानाध्यक्ष संजीव कुमार, दारोगा सत्येंद्र कुमार सत्यार्थी और डीआईयू के अफसर भी शामिल थे। बता दें कि पिछले 11 मई की सुबह करीब 11 बजे नगर थाने के बगल में स्थित आर्य समाज मंदिर के पास स्टेट बैंक के गेट पर एक पेट्रोल पंप मालिक से करीब पांच लाख रुपए लूट लिया गया था। भागने के दौरान अपराधियों की पुलिस से मुठभेड़ हुई थी। मुठभेड़ के बाद एक अपराधी को पकड़ लिया गया था। हालांकि उस घटना में एक सिपाही और एक लुटेरे को गोली लग गयी थी। गिरफ्तार अपराधी के पास से लूटा गया सारा पैसा भी बरामद कर लिया गया था।

**पुलिस की सक्रियता से टली लूट की बड़ी वारदात :** आरा। आरा पटना फोरलेन पर सोमवार की रात पुलिस की सक्रियता से लूट की एक बड़ी वारदात टल गयी। लूट की घटना को अंजाम देने से पहले ही पुलिस द्वारा तीन अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया गया। एसपी प्रमोद कुमार ने बताया कि सोमवार की देर शाम सूचना मिली कि फोरलेन से सटे कुल्हड़िया जाने वाली सड़क पर लूट की नीयत से कुछ अपराधी जुटे हैं। उनमें कुछ बिहटा थाना क्षेत्र में बैंक लूट में भी वांछित है। उसटे बाद अपराधियों की गिरफ्तारी को लेकर एएसपी चंद्र प्रकाश के नेतृत्व में टीम गठित कर छापेमारी शुरू की गयी। उस क्रम में पुलिस टीम कोईलवर के मनभावन चौक के पास पहुंची, तो पांच की संख्या अपराधी भागने लगे। तब पुलिस ने खदेड़ कर तीन अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया, जबकि दो भाग निकले। तलाशी के दौरान पकड़े गए अपराधियों के पास से एक देसी कट्टा, पांच गोली और एक बाइक बरामद की गयी। पूछताछ में तीनों ने आरा में पेट्रोल पंप मालिक से लूट और मुठभेड़ में शामिल होने की बात स्वीकार की। उसके बाद तीनों को गिरफ्तार कर लिया गया। फरार दोनों अपराधियों की भी पहचान कर ली गयी है।

**लूटकांड में शामिल थे छह से सात अपराधी :** पिछले दिनों पेट्रोल पंप मालिक से लूटकांग में छह से सात अपराधी शामिल थे। उनमें दो-तीन मुख्य अपराधी लूट में शामिल थे। अन्य तीन से चार अपराधी रास्ते में विभिन्न जगहों से पुलिस की गतिविधियों पर नजर रख रहे थे। एसपी प्रमोद कुमार ने बताया कि शुरू में दो-से तीन अपराधियों के शामिल होने की बात आ रही थी। बाद में गिरफ्तार दो लुटेरों से पूछताछ की गयी, तो पूरी घटना छह से सात अपराधियों की संलिप्तता सामने आयी। पूछताछ में पता चला कि लूट में दो से तीन मुख्य अपराधी शामिल थे। वहीं बाकी के अपराधी थाना, बैंक और आसपास के इलाकों में मौजूद थे। सभी लूटपाट करने वाले के संपर्क में थे। साथ ही पुलिस की हर गतिविधियों पर नजर रख रहे थे। उस आधार पर एएसपी के नेतृत्व में टीम लगातार छापेमारी कर रही थी। बाद में पुलिस की दबिश के कारण तीसरे अपराधी शुरू मोहम्मद द्वारा कोर्ट में सरेंडर कर दिया गया था। पुलिस उसे रिमांड पर लेने की तैयारी में है।

## घर से गायब युवक का शव बरामद

**आरा।** शहर के टाउन एवं मुफस्सिल थाना के सीमावर्ती इलाके के झंझरिया पुल स्थित रेलवे ट्रैक के समीप मंगलवार की दोपहर घर से निकले एक युवक का शव बरामद हुआ है। शव के मिलने से आसपास के इलाके में सनसनी फैल गई है। देखते ही देखते घटनास्थल पर सैकड़ों लोगों की भीड़ इकट्ठी हो गई। इसके बाद वहां के स्थानीय लोगों द्वारा इसकी सूचना टाउन थाना पुलिस को दी गई।

सूचना पाकर टाउन थाना पुलिस मौके पर पहुंच शव को अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमार्टम सदर अस्पताल में करवाया। वहीं मृतक की मौत कैसे हुई या अभी स्पष्ट नहीं हो सका है। जानकारी के अनुसार मृतक टाउन थाना क्षेत्र के सपना सिनेमा मोर सूर्यपूरी शीतल टोला निवासी बृज मोहन त्रिपाठी का 25 वर्षीय पुत्र आशुतोष कुमार है। वह शहर के एक दवा कंपनी में काम करता था एवं कुछ दिन पूर्व उसने काम छोड़ दिया था। इधर मृतक के छोटे भाई अमित कुमार ने बताया कि सोमवार की रात वह अपने कमरे में सोया था और उसका भाई भी उसी कमरे में था। इसी बीच रात करीब साढ़े ग्यारह बजे उसके कमरे से नीचे उतरा तो उसे लगा कि वह नीचे अपने कमरे में सोने जा रहा है। लेकिन वह उसी समय घर से बाहर निकल गया। जब वह मंगलवार की सुबह उठा तो उसने देखा कि उसका भाई घर पर नहीं है तो उसने सोचा कि वह बाहर गया होगा। इसके बाद वह क्रिकेट खेलने चला गया।

## हथियारबंद बदमाश ने छेना व्यवसाई को मारी गोली

**केटी न्यूज/आरा**

जिले के टाउन थाना क्षेत्र के वलीगंज मोहल्ले में मंगलवार की दोपहर हथियारबंद बदमाश ने एक छेना व्यवसाई को गोली मार दी। जख्मी युवक को गोली बाएं हाथ पर लगी है। इससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। इसके बाद स्थानीय लोगों द्वारा इसकी सूचना है 112 नंबर पुलिस वाहन को दी गई। सूचना पाकर 112 नंबर पुलिस वाहन घटनास्थल पर पहुंची और उसे इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल ले आई।

वहीं सूचना पाकर जख्मी युवक के परिजन आरा सदर अस्पताल पहुंचे। दिनदहाड़े इस घटना के बाद आसपास के इलाके में सनसनी फैल



गई है। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय थाना घटनास्थल पर पहुंच मामले की छानबीन में जुट गई है। जानकारी के अनुसार जख्मी युवक मुफस्सिल थाना क्षेत्र के जमीरा गांव निवासी रामाशंकर राय का 35 वर्षीय पुत्र प्रेम शंकर राय है। इधर प्रेम शंकर राय ने बताया कि रविवार को गांव के ही मिथिलेश राय के घर बारात आई थी। जिसमें मामूली विवाद को लेकर उनके भाई से झगड़ा हुआ था। उस समय वह गाय दुहने गया था।

सूचना पाकर जब वह आया तो दोनों पक्षों को समझा-बुझाकर मामले को शांत करा दिया। हालांकि उस समय बात खत्म हो गई थी। मंगलवार की दोपहर जब वह बाइक पर सवार होकर अपने गांव से आरा छेना बेचने के लिए आ रहा था। उसी दौरान वलीगंज के समीप तीन लोगों ने उसे पहले बीच रास्ते में उसे रुकने को कहा। जब उसने रुक कर कहा कि बोलो भाई क्या काम है। तभी उन लोगों द्वारा उसे गोली मार दी गई। गोली लगते ही खून से लथपथ होकर जख्मी हालत में वह जमीन पर गिर पड़ा। इसके बाद 112 नंबर पुलिस वाहन द्वारा उसे इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया जहां उसका इलाज कराया जा रहा है। वहीं दूसरी ओर जख्मी प्रेम शंकर राय ने गांव के ही अभिषेक व राजन एवं एक अन्य युवक पर उसे गोली मारने का आरोप लगाया है।

### गरखा प्रखंड स्थित नारायणपुर दलित बस्ती में पेशेंट सपोर्ट ग्रुप के सदस्यों ने की बैठक

# फाइलेरिया प्रभावित अंगों की ठीक से सफाई करनी चाहिए, मिलती है राहत: रीता

- मच्छर से बचाव और सोते समय मच्छरदानी का प्रयोग करने के लिए किया गया प्रेरित

**केटी न्यूज/छपरा**

जिले के गरखा प्रखंड स्थित नारायणपुर दलित बस्ती में बीते दिन फाइलेरिया मरीजों की गठित संत रविदास सपोर्ट ग्रुप की मासिक बैठक संपन्न हुई। जिसमें फाइलेरिया के हाथीपांव मरीजों को रुग्णता प्रबंधन और विकलांगता रोकथाम (एमएमडीपी) की जानकारी दी गई। इस दौरान पेशेंट सपोर्ट ग्रुप के सदस्यों को बताया गया कि हाथीपांव मच्छर



से फैलने वाला एक दर्दनाक रोग है, जिसमें संक्रमित व्यक्ति के शरीर का प्रभावित हिस्सा विकलांग हो सकता है। यदि फाइलेरिया प्रभावित इलाके में यदि ज्यादा दिनों तक बुखार रहे, पुरुष के जननांग में या महिलाओं के स्तन में दर्द या सूजन रहे और खुजली हो अथवा हाथ-पैर में भी सूजन या दर्द रहे तो यह फाइलेरिया होने के लक्षण हैं। ऐसी स्थिति में तत्काल चिकित्सक से संपर्क कर उपचार कराना चाहिए। साथ ही, लोगों को मच्छर से बचाव और सोते समय मच्छरदानी का प्रयोग करने के लिए प्रेरित करना चाहिए। जिससे कोई दूसरा इस बीमारी की चपेट में आने से बचे।

**प्रभावित अंगों की सफाई जरूरी :** पेशेंट सपोर्ट ग्रुप की सदस्य रीता देवी ने बताया, फाइलेरिया एक ऐसी बीमारी है जिसे केवल बढ़ने से रोका जा सकता है। इसे पूरी तरह से ठीक नहीं किया जा सकता। हालांकि, कुछ उपायों के माध्यम से मरीज को थोड़ा सुकून जरूर मिल सकता है। जिसमें सबसे जरूरी है फाइलेरिया प्रभावित अंगों की ठीक से सफाई। प्रभावित अंगों को सामान्य पानी से पहले ठीक से धो लें। उसके बाद हाथों में साबुन को मलकर झाग बना लें। उसके बाद अच्छे से प्रभावित अंगों पर मलें । उसके बाद उसे हल्के हाथों से रगड़कर पानी से साफ कर लें। अंत में धुले हुए प्रभावित अंगों को सूती कपड़े से हल्के- हल्के दबाकर साफ कर लें। वहीं, रात में सोते समय तकिया या किसी अन्य चीज के सहारे अपने दोनों पैरों को ऊपर रखें। इससे काफी राहत मिलती है।

**अधिकारियों से की जाएगी एमएमडीपी किट की मांग :** रीता देवी ने बताया, समाचार पत्रों के माध्यम से पता चला है कि सारण जिला समेत पूरे राज्य में रुग्णता प्रबंधन और विकलांगता रोकथाम (एमएमडीपी) के लिए विभाग किट प्रदान कर रहा है। जिले के सभी प्रखंडों में इसके लिए शिविर लगाए जाएंगे और हाथीपांव के मरीजों के बीच किट का वितरण किया जाएगा। हालांकि, एमएमडीपी किट सिर्फ उन्हें हीं प्रदान किया जाएगा, जो हाथीपांव के चौथे या उससे अधिक स्टेज के मरीज बन गए हों। लेकिन, अब तक जिले में किट वितरण की प्रक्रिया शुरू नहीं की गई है। इसलिए हम सभी जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी और प्रखंड चिकित्सा पदाधिकारियों को पत्र लिखकर अपने इलाके के मरीजों के बीच किट का वितरण करने की मांग करेंगे। जिससे हम जैसे हाथीपांव के मरीजों को भी इस योजना का लाभ मिल सके। जिस पर सभी ने सहमति जताई।

## एक नजर

### शिक्षा नीति व महंगाई के विरोध में महाधरना

**अरवल।** भारत सरकार से जातीय जनगणना की मांग एवं नई शिक्षा नीति के विरोध में युवा राजद जिला मुख्यालय में देगा धरना। युवा राजद के द्वारा कुर्था प्रखंड के विशुन बिगहा, गंगापुर, तकया, कोद मरई और मंगराहट ग्रामीण इलाकों में जन जागरण अभियान चलाया गया जिस में नई शिक्षा नीति से होने वाले दूसप्रभाव और जातीय जनगणना अविलम्ब कराने के लिए जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वहीं राजद के युवा संगठन इन मांगों को लेकर 5 जून को अरवल जिला मुख्यालय पर विशाल एक दिवसीय महाधरना का आयोजन किया है। जिसको लेकर युवा राजद के नेताओं के द्वारा गांव-गांव में जनसंवाद कार्यक्रम के तहत भारी संख्या में जिला मुख्यालय में महाधरना को सफल बनाने के लिए युवा राजद के नेताओं के द्वारा गांव गांव का दौरा किया जा रहा है। इस दौरान नई शिक्षा नीति एवं महंगाई के विरोध में महाधरना का आयोजन किया गया है। राजद के युवा जिलाध्यक्ष प्रवीण यादव ने कहा कि दो तिहाई आबादी के हितों की अनदेखी बर्दाश्त नहीं। पिछड़ों को राजनीतिक, आर्थिक और सामाजिक रूप से दरकिनार करने का षडयंत्र स्वीकार नहीं। बिना जातिगत जनगणना की जनगणना पिछड़ों के साथ क्रूर मजाक है। युवा राजद ने लिखा है कि जिन्हें भी पिछड़ों के आरक्षण जातिगत जनगणना से आपत्ति है, वो पिछडो को हिन्दू नही मानते है। राजद नेताओं ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार चुनाव पूर्व किए तमाम वादों को भूल गई है। जातिगत जनगणना रिपोर्ट प्रकाशित हो जाने से दबे-कुचले और वंचित समाज को लाभ मिलेगा। भाजपा यह जानती है कि रिपोर्ट प्रकाशित हो जाने से भाजपा की जमीन खिसक जाएगी। उसे बजट में वंचित वर्ग की आबादी के अनुरूप प्रावधान करना होगा। भाजपा घबराहट और बौखलाहट में है। जनता भाजपा के चाल, चरित्र और चेहरा को पहचान चुकी है और विधानसभा चुनाव में जनता सबक सिखाने का काम करेगी।



### शिक्षकों के अहीत में अध्यापक नियमावली: एमएलसी

**अरवल।** बिहार माध्यमिक शिक्षक संघ जिला इकाई के द्वारा शिक्षक सत्याग्रह आंदोलन के दूसरे दिन आंदोलनकारी शिक्षकों के बीच अरवल धरना स्थल पर गया शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के एमएलसी जीवन कुमार ने पहुंचकर आंदोलनकारी शिक्षकों को संबोधन किया। उन्होंने कहा कि अध्यापक नियमावली 2023 सरकार के द्वारा जो लाई गई है, यह बिल्कुल ही शिक्षकों के अहीत में है। यह सरकार शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने के बजाए अपनी नाकामी को शिक्षकों पर थोपना चाहती है जब नीतीश कुमार ने खुद ही टीईटी एसटीईटी एवं दक्षता परीक्षा लेकर के बहाल किया गया 15 से 20 वर्षों तक नौकरी करने के बाद पुनः फिर दोबारा परीक्षा देना उचित नहीं है। आंदोलनकारी शिक्षकों को डराने के लिए प्रधान सचिव के द्वारा पत्र निर्गत कराया जाता है कि सरकार के खिलाफ काम करेगी उस पर करवाई किया जाएगा। यह निर्गत पत्र असंवैधानिक है। दूसरी ओर सरकार ढिंढोरा पिटती है कि संविधान खतरे में है और संविधान के आर्टिकल को स्वयं सरकार ही गलत इस्तेमाल करके धज्जियां उड़ाने का भी काम किया जा रहा है। आप निर्भीक होकर के संघर्ष करें और हम आपके साथ संघर्ष में सड़क से लेकर के सदन तक पुरजोर सरकार को घेरने का काम करेंगे। सरकार को यह नियमावली वापस लेनी पड़ेगी और आप सभी तमाम शिक्षकों को राज्य कर्मी का दर्जा और वेतनमान देना होगा। इस मौके पर मनोज कुमार, धर्मेंद्र कुमार मनोज कुमार निराला, उदय कुमार, राजीव कुमार आदि शिक्षक शामिल थे।



### बिना प्रगतिशील विचार के ऊपर नहीं उठ सकते

**जहानाबाद।** सिविल सोसाइटी, हुलासगंज द्वारा सृजन संवाद कार्यक्रम के तहत शैक्षिक, सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक विषय पर संवाद का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के बतौर डॉ. करुणा सागर, आईपीएस, राष्ट्रीय प्रवक्ता, राष्ट्रीय जनता दल ने भाग लिया। हुलासगंज के पंचायत भवन में संपन्न सृजन संवाद कार्यक्रम की अध्यक्षता सामाजिक कार्यकर्ता सुनील दास ने की। वहां मौजूद लोगों के द्वारा मुख्य अतिथि का भव्य स्वागत किया गया। समाजसेवी साहित्यकार एवं कार्यक्रम के संयोजक अशोक प्रियदर्शी ने विषय प्रवेश कराया और मुख्य अतिथि डॉ करुणा सागर जी इस विषय पर विस्तार से बोलने का आग्रह किया। मुख्य अतिथि डॉ करुणा सागर ने कहा कि यह एक सुंदर विषय है और इस विषय पर गम्भीरता से विचार करना बहुत जरूरी है। न केवल विचार बल्कि उसे जिए बगैर एक उन्नत सुंदर समाज की कल्पना ही नहीं की जा सकती। आप सभी समाज के जिम्मेवार लोग यहां बैठे हैं। लोग आपको सुनते हैं और आपकी बात मानते हैं। वगैर शिक्षा को महत्व दिये कोई समाज आगे नहीं बढ़ सकता। शिक्षित समाज ही आर्थिक, सामाजिक, सांस्कृतिक विकास कर पाता है। शिक्षा ही समाज को प्रगतिशील विचारों से लैस करती है। बिना प्रगतिशील विचार के आप संकीर्णता से ऊपर नहीं उठ सकते हैं। संकीर्ण विचार आपकी प्रगति का सबसे बड़ा दुश्मन है। अपनी बात को आगे बढ़ाते हुए राजद राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ करुणा सागर ने कहा कि संवाद के इन चार विषयों को मैं सूत्रबद्ध करके आप सबों से यह कहना चाहता हूँ कि समाज आपसी प्रेम, भाईचारा, परस्पर सहयोग की भावना से आगे बढ़ता है। एक बात को गांठ बांध लें कि बंटा हुआ समाज कभी सुखी और सुन्दर हो ही नहीं सकता। आप जाति, धर्म और सम्प्रदाय से ऊपर उठकर मानवतावादी भावना से सोचें और इसी मानवतावादी सोंच को समाज की चालक शक्ति बनाएं।



### एक दिवसीय अंबेडकर परिचर्चा का हुआ आयोजन

**जहानाबाद।** मखदुमपुर प्रखंड मुख्यालय स्थित राजद कार्यालय में एक दिवसीय अंबेडकर परिचर्चा का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता राजद के प्रखंड अध्यक्ष राज प्रेमी यादव ने किया। साथ ही अंबेडकर परिचर्चा में प्रखंड प्रभारी सह स्थानीय विधायक सतीश कुमार ने परिचर्चा में लोगो को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव के निदेर्शानुसार प्रत्येक प्रखंड में अंबेडकर परिचर्चा कर लोगों को डॉ. भीमराव अंबेडकर की जीवनी, संविधान एवं मनुस्मृति, वर्ण व्यवस्था, मनुस्मृति पर विचार कर लोगों को जागरूक किया जा रहा है। दूसरी ओर, भारतीय जनता पार्टी किस तरह धीरे-धीरे संविधान को खत्म करना चाहती है। इस पर लोगों को जागरूक करने के लिए राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने प्रत्येक प्रखंड में अंबेडकर परिचर्चा करने का निर्देश दिया है। जिसे लेकर मखदुमपुर में अंबेडकर परिचर्चा किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता के तौर पर स्थानीय विधायक सतीश कुमार ने विस्तार पूर्वक डॉ. भीमराव अंबेडकर के विचार, संविधान, वर्ण व्यवस्था और मनुस्मृति पर अपना विचार रखा। मौके पर अंबेडकर परिचर्चा के सहायक प्रभारी ब्रिगेडियर प्रवीण कुमार, जिला अध्यक्ष महेश ठाकुर, सारिक फतह, शैलेश कुमार, पत्तों खान साहब, मनोज यादव ल, प्रभावती देवी मांझी, के अलावा राजद के बूथ कमेटी के सदस्य सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।



## खबरें फटाफट

### मुख्य पार्षद के एक व पार्षद के 6 समेत 7 ने लिया नाम वापस

**डुमरांव।** मंगलवार को डुमरांव नगर परिषद चुनाव में नामजदगी का पर्चा भरने वाले प्रत्याशियों के नाम वापसी का अंतिम दिन था। अंतिम दिन मुख्य पार्षद के एक तथा वार्ड पार्षद के छह प्रत्याशियों ने अपना नाम वापस लिया है। बता दें कि कई प्रत्याशी दो सेटों में नामांकन फार्म भरे थे। स्कूटनी में दोनों सेट सही पाए जाने के बाद प्रत्याशियों द्वारा एक नाम को वापस लिया गया है। निवार्ची पदाधिकारी सह एसडीओ कुमार पंकज ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि नाम वापसी के बाद अब चुनावी मैदान में मुख्य पार्षद पद के 16, उप मुख्य पार्षद पद के 19 तथा वार्ड पार्षद पद के 243 उम्मीद्वार मैदान में रह गए हैं। बुधवार को प्रत्याशियों के बीच सिंबल का वितरण किया जाएगा। डुमरांव नगर परिषद के मुख्य पार्षद, उप मुख्य पार्षद व वार्ड पार्षद पद के लिए 9 जून को मतदान होगा तथा 11 जून को काउंटिंग की जाएगी।

### फायरिंग का आरोपी गिरफ्तार

**नावानगर।** सिकरौल पुलिस ने थाना क्षेत्र के पनियारी गांव में होली के दिन फायरिंग करने के आरोपी मनोज कुमार यादव को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। उसकी गिरफ्तारी घुनसारी से की गई है। थानाध्यक्ष संजीव कुमार ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि उस पर होली के दिन पनियारी में फायरिंग करने का अरोप था। घटना के बाद से ही वह फरार चल रहा था। उन्होंने कहा कि गुप्त सूचना पर उसकी गिरफ्तारी की गई है। पूछताछ के बाद आरोपी को जेल भेज दिया गया है।

### जिला स्तरीय खरीफ महोत्सव 27 मई को

**बक्सर।** कृषि विभाग द्वारा खरीफ महोत्सव 2023 के तिथियों की घोषणा कर दी गई है। जिला कृषि पदाधिकारी मनोज कुमार ने बताया कि 27 मई को जिला स्तरीय खरीफ महोत्सव का आयोजन किया गया है। इसके बाद बारी बारी से सभी प्रखंडों में प्रखंड स्तरीय खरीफ महोत्सव आयोजित कर किसानों को खरीफ फसलों की बुआई से संबंधित तकनीकी जानकारी तथा अनुदानित मूल्य पर बीज व उपकरण दिया जाएगा।

# बक्सर की गरिमा बनी यूपीएससी की सेकेंड टॉपर, देश भर में बढ़ाया शहर का मान

- पिता के सपनों को साकार करने के लिए कर रही थीं यूपीएससी की तैयारी
- 2015 में पिता की मौत व वैश्विक महामारी कोरोना की चुनौतियों के बीच मां की प्रेरणा बनी मजबूत संबल

**केटी न्यूज/बक्सर**

परिंदों को तालीम नहीं दी जाती है उड़ानों की, वे खुद ही छू लेते हैं बुलंदियां आसमानों की..... इस उक्ति को चरितार्थ कर दिखाई है बक्सर की गरिमा लोहियां ने। कम उम्र में ही गरिमा ने वो कीर्तिमान बना दिया है जिसे आज तक जिले के किसी होनहार नें नहीं बनाया था। बता दें कि बक्सर बंगला घाट निवासी स्व मनोज लोहिया व सुनीता की बेटी गरिमा ने देश की सर्वोच्च परीक्षा यूपीएससी में ऑल इंडिया में दूसरा स्थान हासिल किया है। उनकी इस प्रतिभा के इस परचम से पूरा बक्सर आह्लादित हो उठा है। रिजल्ट जारी होने के साथ ही उनके घर बधाई देने वालों का तांता लग गया है। उनके घर उत्सव जैसा माहौल है। बता दें कि गरिमा को यह सफलता यूं ही नहीं मिली है। मैट्रिक परीक्षा के बाद ही उनके पिता का स्वर्गावास हो गया। पिता का सपना था कि बेटी यूपीएससी पास कर आईएसएस ऑफिसर बने। पिता के सपनों को पूरा करने के लिए मां उनकी मजबूत संबल बन गई थी। इसी बीच वैश्विक महामारी कोरोना वायरस के चलते देशभर में लॉकडाउन लग गया था तथा सभी कोचिंग व कॉलेज बंद हो गए थे। तब गरिमा यूपीएससी की तैयारी के तहत नई दिल्ली में थीं। कोचिंग बंद होने तथा लांकडाउन के कारण मजबूर हो वापस बक्सर आना पड़ा। यहां से उनकी मां उसके लिए प्रेरणास्त्रोत बनी। गरिमा ने यूट्यूब तथा अन्य ऑनलाईन माध्यमों से अपनी तैयारी जारी रखी। जिसका परिणाम अब सबके सामने है।





**बक्सर से हुई थी मैट्रिक तक की पढ़ाई:** तीन भाई बहनों में दूसरे नंबर पर आने वाली गरिमा बचपन से ही कुशाग्र बुद्धि की हैं। वर्ष 2015 में बक्सर के प्रतिष्ठित वुड स्टॉक स्कूल से मैट्रिक की परीक्षा पास करने के बाद उन्होंने 2017 में सनबीम, भगवानपुर से इंटरमीडिएट तथा किरोड़ीमल कॉलेज दिल्ली से स्नातक की पढ़ाई पूरी कीं।

गरिमा ने बताया कि उनके पिता उन्हें आईएएस ऑफिसर बनाना चाहते थे। लेकिन 2015 में उनकी मृत्यु हो गई। इसके बाद लगा कि अब आगे की पढ़ाई में मुश्किलें आने वाली हैं। लेकिन मेरी मां ने मुझे हौसला दिया और पिता के सपने को पूरा करने के लिए मुझे प्रेरित किया। फिर लॉक डाउन के दौरान भी उसे मुश्किलों का सामना करना पड़ा था। लेकिन एक बार फिर से मां की संबल काम आई तथा घर पर रहकर ऑन लाईन पढ़ाई के जरिए अपनी तैयारी जारी रखी। गरिमा ने अपनी सफलता का श्रेय मां सुनीता तथा पूरे परिवार को दिया है। वही उन्होंने प्रतियोगी छात्रों से शुरूआती विफलता से घबड़ाने की बजाय और मजबूत तैयारी करने की सीख दी है। गरिमा की सफलता की चर्चा बक्सर में पूरे दिन होते रही।

## बलिया में नाव दुर्घटना के बाद सख्त हुआ बक्सर प्रशासन, एसडीएम ने दिए निर्देश

# बिना निबंधन गंगा नदी में नहीं चलेगी नाव, रखना होगा लाइफ जैकेट व ट्यूब

- एसडीएम ने नाविकों के साथ की बैठक
- कहा- बिना मानकों को पूरा कर नौका चलानेवालों पर होगा एफआईआर

**केटी न्यूज/बक्सर**

सोमवार को यूपी के बलिया माल्देपुर गंगा घाट पर भीषण नाव हादसा हुआ था। जिसमें डूबने से तीन लोगों की मौत हो गई थी, वही 27 लोगों की जान गोताखोरों ने बचा ली थी। इस घटना के बाद बक्सर प्रशासन काफी सख्त हो गया है। मंगलवर को डीएम के निर्देश पर बक्सर एसडीएम धीरेन्द्र कुमार मिश्र ने नगर थाने में सभी नाव संचालकों के साथ एक बैठक की। यह बैठक नौकाओं के सुरक्षित परिचालन तथा मानको के अनुसार नौका चलाने को लेकर किया गया था। जिसमें एसडीएम ने स्पष्ट कहा कि बिना निबंधन नौकाओं का परिचालन करने वालों की नौकाएं जब्त कर ली जाएगी। उन्होंने नाविकों से हर हाल में अपनी नौकाओं का निबंधन कराने तथा उसकी मजबूती की जांच परख करने के बाद ही परिचालन करने को कहा। इसके अलावे उन्होंने सुरक्षा के लिहाज से नौकाओं में पर्याप्त मात्रा में लाईफ जैकेट तथा ट्यूब रखने का निर्देश भी दिया। एसडीएम ने कहा कि बिना मानकों को पूरा कर नौका चलानेवाले नाविकों पर एफआईआर दर्ज कराया जाएगा। बैठक में सर्किल इंस्पेक्टर मुकेश कुमार, नगर थानाध्यक्ष दिनेश कुमार मालाकार के अलावे दर्जनों नाविक मौजूद थे।





### ओवरलोड परिचालन पर रोक

बैठक के दौरान एसडीएम ने नाविकों से ओवरलोड परिचालन नहीं करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि अधिकांश नौका दुर्घटनाएं ओवरलोड परिचालन के कारण ही होती है। नाविक अधिक मुनाफा कमाने के लालच में क्षमता से अधिक सवारियों को अपने नाव में बैठा लेते है। जिस कारण नाव दुर्घटना का शिकार हो जाती है। उन्होंने नाविकों को चेतावनी देते हुए कहा कि किसी भी सूरत में निर्धारित संख्या से अधिक यात्रियों को नहीं बैठाना है। एसडीएम के इस निर्देश पर नाविकों ने क्षमता से अधिक सवारियों को नहीं बैठाने का आश्वासन दिया। नाविकों ने अपने अपने नावों का निबंधन कराने तथा नाव में उचित मात्रा में लाईफ जैकेट या ट्यूब रखने पर भी हामी भरी। बता दें कि बक्सर के साथ ही जिले के दियारा इलाके में भी नावों का परिचालन बिना किसी मानक के हो रहा है। अधिकांश नाव जर्जर व पुरानी हैं।

**सोमवार को प्रशासन ने चलाया था अभियान:** बता दें कि सोमवार को मुंडन संस्कार में बक्सर के रामरेखा घाट पर हजारों लोगों की भीड़ उमड़ी थी। इधर बलिया की घटना की खबर मिलते ही बक्सर प्रशासन रामरेखा घाट पहुंच नौका परिचालन का निरीक्षण किया था। इस दौरान बिना निबंधन के चलने वाले 3 नौकाओं को प्रशासन ने जब्त कर लिया था जबकि 7 नाविकों को भी हिरासत में लिया गया था। इस अभियान का नेतृत्व एसडीएम धीरेन्द्र मिश्र, नगर थानाध्यक्ष दिनेश मालाकार व सदर प्रखंड के बीडीओ कर रहे थे। इसके बाद प्रशासन ने मंगलवार को नाविकों के साथ बैठक कर उन्हें गाइड लाइन के पालन के निर्देश दिए है।

### एक दशक पहले हो चुका है भीषण हादसा

बता दें कि बक्सर के ब्रह्मपुर थाना क्षेत्र के दल्लुपुर में वर्ष 2011 में भीषण नाव हादसा हुआ था, जिसमें एक साथ 42 लोगों की जान चली गई थी। अक्टूबर 2011 में दल्लुपुर गांव के पास गंगा के भागड़ में मजदूरों से लदी नाव डूब गई थी, जिसमें महिलाओं व बच्चों समेत कुल 42 जानें गई थी।

**क्या कहते हैं एसडीएम:** सुरक्षित नौका परिचालन के लिए नाविकों को कई आवश्यक निर्देश दिया गया है। उन्हें अपने नावों का निबंधन कराने, क्षमता से अधिक सवारियों को नहीं बैठाने तथा नाव में लाईफ जैकेट व ट्यूब रखने का निर्देश दिया गया है।

**– धीरेन्द्र कुमार मिश्र, एसडीएम, बक्सर**

## अवैध अल्ट्रासाउंड सेंटरों के खिलाफ दूसरे दिन भी चला अभियान, नौ सील

- बोले सीएस- जारी रहेगा अभियान, नहीं बख्शे जाएंगे बिना निबंधन व मानक वाले अल्ट्रासाउंड सेंटर
- दो दिनों में 18 अल्ट्रासाउंड सेंटरों को किया गया सील




**केटी न्यूज/बक्सर**

जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग अब अवैध तरीके से संचालित होने वाले अल्ट्रा साउंड सेंटरों के खिलाफ नरमी बरतने के मूड में नहीं है। मंगलवार को लगातार दूसरे दिन भी जिलेभर में प्रशासनिक टीम द्वारा अल्ट्रासाउंड व पैथोलॉजी सेंटरों पर छापेमारी अभियान चलाया। इस दौरान जिले के विभिन्न जगहों पर कुल 9 सेंटरों को सील किया गया। बता दें कि सोमवार को भी 9 सेंटर सील हुए थे। दो दिनों में प्रशासन द्वारा कुल 18 अल्ट्रासाउंड सेंटरों को सील किया जा चुका है।

बता दें कि डीएम अंशुल अग्रवाल के निर्देश पर सोमवार से ही जिलेभर में अल्ट्रा साउंड मशीनों के खिलाफ छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। जानकारी के अनुसार बक्सर में नगर परिषद की ईओ प्रेम स्वरूपम ने भी छापेमारी अभियान चलाया। वहीं बक्सर, डुमरांव, नावानगर, चौगाई, समेत कई अन्य जगहों पर छापेमारी अभियान चलाया गया है। प्रशासन की इस कार्रवाई से अवैध तरीके से अल्ट्रा साउंड का संचालन करने वालों में हड़कंप मच गया है। वहीं नावानगर प्रतिनिधि के अनुसार एसपीजीआरओ धनंजय त्रिपाठी के नेतृत्व में अल्ट्रासाउंड केंद्रों पर छापेमारी की गई। हालांकि जांच टीम के पहुंचने से पूर्व कई अल्ट्रासाउंड केन्द्रों में ताला झुल रहा था। इतना ही नहीं अपनी बोर्ड को भी अल्ट्रासाउंड के अवैध संचालक उखाड़ लिए थे। जबकि सोनवर्षा बाजार में अधिकारियों को दो अल्ट्रासाउंड केंद खुले मिले। जिनकी जांच उन्होंने किया। जांच के दौरान निदान अल्ट्रासाउंड केंद्र पर डॉक्टर उपलब्ध मिले। वहीं उपकार अल्ट्रासाउंड केंद्र पर स्पेशलिस्ट डॉक्टर उपलब्ध नहीं मिले। जांच टीम में नावानगर सीएचसी के चिकित्सा प्रभारी पदाधिकारी डॉ. कमलेश कुमार व सोनवर्षा ओपीध्यक्ष सुनील कुमार शामिल थे।

### क्या कहते हैं सीएस

इस संबंध में सीएस डा सुरेश चंद्र सिन्हा ने कहा कि यह अभियान जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि अवैध तरीके से अल्ट्रा साउंड का संचालन करने वालों को बक्शा नहीं जाएगा।

## बाइक के धक्के से गंभीर रूप से घायल युवक को सामाजिक कार्यकर्ता ने पहुंचाया अस्पताल

**केटी न्यूज/डुमरांव**

शहर के मुख्य सड़क स्थित एचडीएफसी बैंक के समीप तेज रफ्तार में आ रही एक बाइक ने युवक को टक्कर मार दी। इस हादसे में युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गया। उसे पैर में चोट लग गई थी। संयोग से उसी समय नगर परिषद के पूर्व उप मुख्य पार्षद ब्रह्मा ठाकुर मौके पर मौजूद थे। उन्होंने तत्काल एंबुलेंस बुला युवक को आनन-फानन में अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों की देखरेख में युवक इलाजरत है। जख्मी की पहचान डुमरांव के निमेज टोला निवासी डॉक्टर पासी के 40 वर्षीय पुत्र शंकर पासी के रूप में हुई है। ब्रह्मा ठाकुर ने बताया कि युवक अपने घर आ रहा था। इसी दौरान विपरीत दिशा से तेज रफ्तार में आ रही एक बाइक ने टक्कर मार दी और इस हादसे के बाद वह फरार हो गया। स्थानीय पुलिस ने बताया कि इस मामले में अभी तक कोई लिखित शिकायत नही मिली है।



## बक्सर पुलिस ने तीन हथियार तस्कर को किया गिरफ्तार, एक पिस्टल व तीन देशी कट्टा बरामद

**केटी न्यूज/बक्सर**

बक्सर पुलिस को मंगलवार की शाम बड़ी सफलता हाथ लगी। गुप्त सूचना के आधार पर तीन आर्म्स तस्कर को पुलिस ने रंगे हाथ गिरफ्तार किया। बक्सर एसपी मनीष कुमार ने बताया कि गुप्त सुचना मिली कि नगर थाना के नई बाजार (रविदास टोला ) में कुछ हथियार तस्कर आर्म्स बेचने के लिए जुट रहे हैं। जिसके बाद डीआईओ प्रभारी राजेश कुमार मालाकार के नेतृत्व में एक टीम बनाकर भेजा गया। जहां से सूचना के अनुसार तीन युवक खड़े थे, जो पुलिस को देखते ही भागने लगे। इसके बाद पुलिस ने उन्हें पीछा कर दबोच लिया। तीनों की जब तलाशी ली गई तो उनके पास से तीन देशी कट्टा, एक पिस्टल, सात खोखा, चार मोबाईल बरामद हुआ है।



पकड़े गए आरोपी की पहचान नई बाजार (रविदास टोला ) राजकुमार ऊर्फ पिता शिवकुमार राम के पास से एक देशी कट्टा, एक पिस्टल, सात खोखा, 2 मोबाइल बरामद हुआ है। वहीं आलोक कुमार पिता धीरेंद्र आजाद व सुजीत कुमार पिता शंकर राम के के पास से एक -एक देसी कट्टा व एक-एक मोबाइल बरामद हुआ है। तीन ने आर्म्स खरीद बिक्री की बात स्वीकार की है।

## एक नजर

### नल जल योजना के पाइप में मोटर पंप कनेक्शन की नही हुई जांच

**केसठ।** गर्मी बढ़ने के साथ ही ग्रामीण इलाको में पेयजल की समस्या बढ़ गई है। पेयजल स्त्रोत जवाब देने लगे है। जल स्तर नीचे जाने से क्षेत्र के विभिन्न चौक चौराहों पर लगाए गए हैंडपंप पानी देना बंद कर दिये है। वही केसठ के स्थानीय गांव के ग्रामीणों ने बीडीओ से शिकायत की गई थी कि सरकार की ड्रीम प्रोजेक्ट योजना नल जल के तहत दिए गए कनेक्शनों में लोगों द्वारा मोटर लगा पानी की सप्लाई को अपने घरों में तेज कर रहे है। या पानी टंकी में चढ़ा रहे है। जिससे गांव के अधिकतर भागो में पानी नहीं पहुंच पा रहा है। बीडीओ ने ग्रामीणों के इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए पीएचडी के कनीय अभियंता को तीन सप्ताह के अंदर इस शिकायत की जांच कर नल जल वाले नलके में लगे मोटर या टूलु पंप को हटाने का निर्देश दिया था। लेकिन निर्धारित समय बीतने के बाद भी प्रखंड के किसी भी वार्ड में संबंधित कर्मी द्वारा कोई भी जांच नहीं की गई है। जिस कारण जहा जलापूर्ति का हाल बेहाल है वही लोगों को पेयजल के लिए परेशान होना पड़ रहा है। जानकारों की मानें तो लोग धड़ल्ले से मोटर पंप का इस्तेमाल कर पानी ले रहे हैं। गौरतलब हो कि राज्य सरकार का निर्देश है कि नल जल योजना का लाभ प्रत्येक घर को मिलना है लेकिन विभाग और जनप्रतिनिधियों के मिलीभगत होने के कारण कुछ लोग नल जल योजना के पाइप में मोटर लगाकर घरों में पानी ले रहे हैं जिसके कारण क्षेत्र के आधी आबादी से अधिक लोगों को पानी नहीं मिल रहा है।

### बियाडा की जमीन पर बनाए गए खेल मैदान को घेरे जाने का मामला गहराया

**नावानगर।** नावानगर में बियाडा की जमीन पर खेल मैदान का मामला गहराने लगा है। मंगलवार को सीओ अजीत कुमार ने अमीरपुर के जनप्रतिनिधि व ग्रामीणों से मिलकर कंपनी के जमीन छोड़ने पर वार्ता किया। वही ग्रामीणों ने सीओ से एक सप्ताह समय की मांग की है। बता दें कि प्रखंड मुख्यालय के सामने बियाडा कंपनी के 456 एकड़ जमीन है। इसी जमीन के एक हिस्से पर स्थानीय युवाओं ने खेल मैदान बना लिया है। इधर बियाडा कंपनी अपनी जमीन को घेराबंदी करने में लगे हुए थे। जिसके बाद गांव के युवाओं ने खेल मैदान के लिए जमीन छोड़ घेराबंदी करने की पहले गुहार लगाई। लेकिन कंपनी वाले नहीं माने। जब घेराबंदी जारी रहा तो युवाओं ने रोक लगा दिया। इसी मामला को लेकर सीओ ने ग्रामीणों से वार्ता करने पहुंचे थे। वार्ता में माले नेता संतोष यादव, प्रखंड प्रमुख अंकित यादव, बीडीसी रंजन यादव, श्रीभगवान सिंह यादव, किशन सिंह, हरिहर सिंह, सुदामा सिंह, नीतीश कुमार समेत अन्य थे।

## नई शिक्षक नियमावली व राज्यकर्मी के दर्जा की मांग पर दूसरे दिन भी धरना पर अड़े रहे शिक्षक

# सड़क से सदन तक गलत नीतियों का विरोध करेंगे शिक्षक

**केटी न्यूज/बक्सर**

नई शिक्षक नियामावली 2023 को वापस लेने तथा नियोजित शिक्षकों को राज्यकर्मी का दर्जा देने सहित अन्य मांगों के खिलाफ शिक्षकों का धरना दूसरे दिन भी जारी रहा। मंगलवार को बिहार माध्यमिक शिक्षक संघ के बैनर तले धरना में शामिल शिक्षक कवलदह पोखर परिसर में बैठे रहें। दूसरे दिन जिला मुख्यालय के अलावे विभिन्न प्रखंडों के शिक्षक भी धरना स्थल पर पहुंचे थे। शिक्षकों द्वारा बताया गया कि नई शिक्षक नियमावली का विरोध जिला स्तर पर जारी है। धरना की अध्यक्षता माध्यमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष विनोद कुमार चौबे ने व संचालन अनुमंडल सचिव लक्ष्मण प्रसाद सिंह ने किया। बतौर राज्य पर्यवेक्षक के रूप में पटना प्रमंडल सचिव चंद्र किशोर कुमार इस धरना में शामिल हुए। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि सरकार कि गलत नीतियों का विरोध सड़क से सदन तक किया जाएगा। शिक्षक चुप बैठने वाले नहीं है। आंदोलनकार शिक्षकों पर दंडात्मक कार्रवाई का भय दिखाया जा रहा है। लेकिन हमारा आंदोलन जारी रहेगा। जिला सचिव शंकर प्रसाद ने इस अवसर पर नियमावली की खामियों को रेखांकित किया और नियोजित शिक्षकों के साथ घोर अन्याय की बातों को स्पष्ट रूप से बताया और कहा कि नियोजित शिक्षकों के साथ सरकार सौतेला व्यवहार कर रही है। शिक्षक संघ के पदाधिकारी शेषनाथ दूबे ने अपने संबोधन में अधिक से अधिक शिक्षकों को शामिल होने का आह्वान किया। जिला उपाध्यक्ष बलिराम कुमार ने सरकार की गलत नीतियों पर अपनी बातें रखी। अरुण कुमार सिंह, अवधेश राय, राजेंद्र सिंह, उपेंद्र राय, धर्मेंद्र सिन्हा, श्रवण पांडेय, बलवंत सिंह, केडी राय, ओम प्रकाश, मोहम्मद तूफान, रोशन प्रकाश, इत्यादि ने सभा को संबोधित किया। धन्यवाद ज्ञापन बक्सर अनुमंडल अध्यक्ष अमरनाथ पांडेय ने किया। मौके पर डा मनीष कुमार शशि, राकेश कुमार सिंह, रंजन कुमार, बालाजी पाठक, राजेश पाठक, प्रभु दयाल, नवीन पांडेय, भगवान शर्मा, मुनि प्रसाद, राजू कुमार, मोहम्मद अशफाक, कमलेश यादव, मनीषा सिंह, सत्येंद्र, इत्यादि सैकड़ों शिक्षक शामिल हुए।




## तार टूटने से ग्रामीण क्षेत्रों में 12 घंटे ठप रही बिजली आपूर्ति

**चौगाई।** सोमवार की मध्य रात्रि बिजली के मुख्य आपूर्ति लाइन में आई तकनीकी गड़बड़ी के कारण 12 घण्टे तक क्षेत्र में बिजली सप्लाई ठप रही। बिजली न होने के कारण भीषण गर्मी में ग्रामीण क्षेत्र के लोगो की परेशानी बढ़ गई। लोग आधी रात ही भीषण गर्मी से परेशान हो घरों से बाहर निकल रहे थे। हालांकि 12 घण्टे बीतने के बाद मुख्य सप्लाई चालू किया गया। बताया जा रहा है कि सोमवार की रात लगभग 2 बजे के करीब डुमरांव टेढ़की पुल के समीप 33 हजार केवीए का मुख्य सप्लाई तार टूट कर पेड़ पर गिर गया था। उसके बाद से चौगाईं समेत बड़े इलाके में बिजली आपूर्ति ठप हो गई थी।

### डीएम व एसपी ने किया घटना स्थल का मुआयना, मृतकों के परिजनों को मिलेंगे 4-4 लाख रुपए

# नाव हादसे में गायब चौथे युवक का दूसरे दिन मिला शव, और भी लोगों के डूबने की आशंका

**केटी न्यूज/बलिया**

जनपद के फेफना थाना क्षेत्र के माल्देपुर घाट पर हुए नाव हादसे में लापता एक युवक का शव मंगलवार की सुबह एनडीआरएफ टीम ने बरामद किया। युवक की पहचान सिकन्दरपुर थाना क्षेत्र के नवानगर निवासी स्व. शिवपूजन यादव के बेटे सुरेन्द्र यादव (32 वर्षीय) के रूप में हुई है। बलिया शहर से सटे गंगा नदी के माल्देपुर घाट पर सोमवार की सुबह मुंडन संस्कार के दौरान नाव हादसा हो गया था। नाव पर लगभग तीन दर्जन लोग सवार थे। तीन महिलाओं के शव बरामद हुए है, जिनकी पहचान हो चुकी है। हादसे में और लोगों की डूबने की आशंका है। घटना के तत्काल बाद डीएम सुरेन्द्र कुमार व एसपी राजकरन नय्यर मौके पर पहुंच गये। जिलाधिकारी ने जिला अस्पताल को अलर्ट कर दिया, ताकि घायलों को बेहतर उपचार मिल सके। प्रशासन पूरी तरह चौकन्ना ?हा। एनडीआरएफ टीम पहुंच कर लापता की तलाश में जुट गयी। मंगलवार की सुबह एक युवक का शव बरामद कर लिया गया। थानाध्यक्ष फेफना रोहन राकेश ने बताया कि मंगलवार की सुबह बरामद शव की शिनाख्त सिकन्दरपुर थाना क्षेत्र के नवानगर निवासी सुरेन्द्र यादव (32) पुत्र स्व. शिवपूजन यादव के रूप में हुई है।

वहीं, जिलाधिकारी रविंद्र कुमार ने बताया कि मृतक के परिवार को मुआवजा की धनराशि 4-4 लाख रुपए दिए जाएंगे। आपकी जानकारी के लिए बता दें कि सोमवार की सुबह नगर के माल्देपुर गंगा घाट पर मुंडन संस्कार के दौरान एक नाव पलट जाने से अब तक जहां 4 लोगों की मौत हो चुकी है, वहीं 6 लोगों का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है। बहुत सारे लोग अभी भी लापता बताया जा रहे हैं जिनकी तलाश जारी है। मंगलवार को एक बार फिर जिलाधिकारी गंगा घाट पर पहुंचकर पत्रकारो के सवाल के जवाब में बताया कि मृतक के परिवार को मुआवजा स्वरूप चार चार लाख रुपए दिए जाएंगे।

**नाव दुर्घटना को रोकने के लिए जिलाधिकारी ने जारी किए दिशा निर्देश :** जिलाधिकारी रवीन्द्र कुमार ने उत्तर प्रदेश नाव सुरक्षा एवं नाविक कल्याण नीति-2020 के अंतर्गत जिला स्तर पर नाव दुर्घटना को रोकने के संबंध में विस्तृत दिशा निर्देश दिए हैं। उक्त के क्रम में उन्होंने आदेशित किया है कि जनपद में रजिस्टर्ड नामों के अतिरिक्त किसी भी अनरजिस्टर्ड नामों को चलाने हेतु प्रतिबंधित किया जाता है। रजिस्टर्ड नाव की सुरक्षा जांच कराकर प्रत्येक नाव पर अधिकतम भार क्षमता यात्रियों की संख्या नाविक का नाम, नाव मालिक का नाम एवं नाव की अंतिम जांच तिथि का विवरण पीले रंग से साफ-साफ पढ़ने योग्य साइज में लिखा जाएगा। नामों की अधिकतम भार क्षमता का कड़ाई से अनुपालन कराया जाए एवं पानी के अंदर नाव के अधिकतम भाग को पीले रंग से इंगित किया जाए। लाइफ जैकेट एवं अन्य आवश्यक उपकरणों की नाव पर उपलब्धता सुनिश्चित कराई जाए। सभी नाविक लाइफ जैकेट पहनकर ही नाव में बैठे। नाव चलाते समय मोबाइल फोन का इस्तेमाल करने तथा नाव पर सेल्फी आदि लेने को प्रतिबंधित किया जाए। नाव पर सुरक्षा के दृष्टिगत लाइफ बाय एवं लाइफ जैकेट भी पर्याप्त मात्रा में रखे जाएं।



## सांसद ने उच्च अधिकारियों के साथ की बैठक

**केटी न्यूज/बलिया**

माल्देपुर नाव दुर्घटना के पश्चात सांसद वीरेंद्र सिंह मस्त ने जिलाधिकारी रवीन्द्र कुमार और पुलिस अधीक्षक राजकरण नय्यर के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक की। बैठक में उत्तर प्रदेश नाव सुरक्षा एवं नाविक कल्याण नीति से संबंधित महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा हुई ।



बैठक में निर्णय लिया गया कि जो गाइडलाइन प्रशासन की तरफ से जारी की गई है उसका पालन किया जाए। सभी तहसीलों में तहसीलदार घटना को रोकने के लिए नोडल अधिकारी होंगे तथा प्रत्येक घाट पर एक केयर टेकर नियुक्त किया जाए। साथ ही पुलिस अधीक्षक द्वारा दो सिपाही नियुक्त किए जाएं जो नाव में बैठने वालों की संख्या नियंत्रित करेंगे तथा लाइफ जैकेट की व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे। इसके अतिरिक्त जनपद में भी एसडीआरएफ की टीम गठित करने के संबंध में शासन से पत्राचार करने के विषय पर निर्णय लिया गया। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी प्रवीण वर्मा भी उपस्थित रहे।

## माल्देपुर नाव हादसा के बाद पुलिस ने दो नाविकों को किया गिरफ्तार

**बलिया।** फेफना अंतर्गत माल्देपुर घाट पर मुंडन संस्कार के दौरान हुए नाव हादसे के दोषी दो नाविकों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। दोनों के खिलाफ धारा 282, 304 भादवि के तहत मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने चालान न्यायालय कर दिया। वहीं, हादसे के दूसरे दिन एनडीआरएफ के जवानों ने लापता युवक का शव बरामद कर लिया। इससे मृतकों की संख्या 4 हो गयी है।



गौरतलब हो कि सोमवार को मुंडन संस्कार के दौरान गंगा नदी में नाव पलट जाने से कुछ श्रद्धालु .डूब गए। इसकी जानकारी होते ही फेफना पुलिस घटनास्थल पर पहुंच गयी। कुछ ही देर में पहुंचे जिलाधिकारी रवीन्द्र कुमार व पुलिस अधीक्षक राजकरन नय्यर ने स्थलीय जायजा लेते हुए डूबे श्रद्धालुओं को गंगा नदी से बाहर निकालने व बिना अनुमति के गंगा नदी में नाव चलाने तथा नाव की क्षमता से अधिक सवारियों को बैठाने वाले नाविकों के विरुद्ध कार्यवाही करने के दिशा निर्देश दिए। मामले में फेफना थाने के उप निरीक्षक मय पुलिस टीम के साथ देखभाल क्षेत्र में मामूर थे, तभी मुखबिर की सूचना के आधार पर माल्देपुर शिवमन्दिर के पास से मनुजी पुत्र भरदुल (निवासी माल्देपुर, फेफना) व रामदयाल पुत्र श्यामसुन्दर विन्द (निवासी हैवतपुर, कोतवाली) को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के क्रम में नाविकों बताया गया कि माल्देपुर घाट पर नाव में क्षमता से अधिक सवारी बैठाने के कारण उनकी नाव नदी में डूब गयी थी। हादसे के बाद हम लोग डर कर भाग गए थे। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उप निरीक्षक राघव राम यादव, कां. मनेन्द्र कुमार यादव, अंकित मौर्या व आनन्द यादव शामिल रहे।

## 15 आंगनबाड़ी कार्यकर्ता बनी मुख्य सेविका

**गाजीपुर।** बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग में कार्यरत आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को अब शासन के निर्देश पर प्रमोशन देने का काम शुरू कर दिया गया है। इसी क्रम में गाजीपुर की 15 आंगनबाड़ी कार्यकताओं को मुख्य सेविका पद पर प्रोन्नति करते हुए उनसे आईसीडीएस पोर्टल पर जनपद का विकल्प देने के लिए 26 और 27 मई को जिला कार्यक्रम अधिकारी के कार्यालय में उपस्थित होने का निर्देश दिया गया है। जिला कार्यक्रम अधिकारी दिलीप कुमार पांडेय ने बताया कि शासन से आंगनबाडी कार्यकताओं के प्रमोशन को लेकर निर्देश आया था। इसके क्रम में 62 आंगनबाड़ी कार्यकताओं का पूरा डिटेल वेरिफिकेशन करने के बाद शासन को भेजा गया था। जिसमें शासन ने कार्रवाई करते हुए कुल 15 आंगनबाड़ी कार्यकर्ता जो जनपद के जखनियां, रेवतीपुर ,मनिहारी, सैदपुर और बिरनो परियोजना की है। उनका चयन कर उनसे जनपद विकल्प के लिए आईसीडीएस पोर्टल पर विकल्प भरने के लिए निर्देश दिया गया। आगामी 26 और 27 मई को कार्यालय में उपस्थित होकर अपना जनपद विकल्प भरें।

उन्होंने बताया कि आंगनबाडी कार्यकताओं का इस तरह से शासन स्तर पर प्रमोशन होने से आंगनबाड़ी कार्यकताओं में प्रमोशन के लिए प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी और उनके कार्यों में गुणवत्ता आने की भी उम्मीद जताई। उन्होंने बताया कि जखनियां परियोजना से सबिता देवी, देवी यादव, सुषमा सिंह, विमला सिंह, इंदिरा देवी, राधिका देवी, लीलावती देवी, रेवतीपुर परियोजना से गायत्री देवी, मनिहारी परियोजना से शीला देवी, गीता यादव, शांति देवी,, कंचन देवी ,सैदपुर परियोजना से ललिता कुमारी ,आशा देवी और बिरनो परियोजना से बिंदु देवी का चयन मुख्य सेविका के लिए किया गया है।

## निकाली गई भव्य कलश यात्रा

**गाजीपुर।** मरदह ब्लाक के बिजवनपुर गांव में 23 मई दिन मंगलवार को नवनिर्मित महादेव मंदिर में देव स्थापना एवं प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर भव्य कलश यात्रा निकाली गई। इस मौके पर बिजवनपुर गांव स्थित नवनिर्मित महादेव मंदिर से भव्य कलश यात्रा निकली। कलश यात्रा मरदह हनुमान मंदिर तक महादेव के जयकारे के साथ भ्रमण कर पुनः मंदिर तक वापस आई। इस अवसर पर सैकड़ों की तादात में श्रद्धालु महिला, पुरुष, बच्चे उत्साह के साथ भाग लिए। अनुष्ठान एवं भागवत कथा के साथ मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर भाववत कथा आठ दिवसीय आयोजित है। समापन 30 मई को विशाल भंडारे के आयोजन के साथ किया गया। इस अवसर पर विनीत, मनोज, अनिल, आकाश, सौरभ, डिम्पल, आशुतोष सहित सैकड़ों की तादात में श्रद्धालुओं की उपस्थित रही।

## गंगा के तेज बहाव में बहा पीपा पुल का एप्रोच पथ

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

जनपद के रेवतीपुर थाना क्षेत्र के रामपुर गांव के पास गंगा नदी पर स्थित पीपापुल का एप्रोच एक बार फिर मंगलवार की भोर में गंगा के तेज बहाव के चलते बह गया। इसके चलते दोनों तहसीलों मुहम्मदाबाद व सेवराई से होकर आने जाने वाले लोगों का आवागमन पूरी तरह से ठप्प हो गया है। मजबूरी में राहगीर व अन्य वाहन चालकों को कडी मशक्कत करते हुए रेवतीपुर, सुहवल से मेदनीपुर होते हुए तीस किमी से अधिक की दूरी तय कर आना जाना पड़ रहा है। मालूम हो कि इस महीनें पीपापुल का यह एप्रोच सांतवी बार क्षतिग्रस्त हुआ है।

मालूम हो कि इस पीपापुल के एप्रोच की बीते 13 मई को कराई गई थी। क्षेत्रीय ग्रामीणों एवं राहगीरों ने बार-बार इस एप्रोच के क्षतिग्रस्त होने पर उसने मानक विहीन निर्माण पर सवाल उठाएं हैं। लोगों ने कहा कि अगर इसका निर्माण मानक के अनुरूप होता तो शायद यह कभी क्षतिग्रस्त नहीं होता। इसके लिए निश्चित ही संबन्धित विभाग के अधिकारी और कर्मचारी जिम्मेदार है। लोगों ने बताया कि इस पीपापुल का लाभ लोगों को समुचित तरीके से नहीं मिल पाने से यह बेमतलब साबित हो रहा है।



♦ **फरवरी माह में ही शुरू हुआ था परचिालन, आवागमन हुआ ठप**

बता दें कि कभी क्रुज तो, कभी मालवाहक जलयान के चलते आए दिन इसे खोला जाता है, तो कभी पानी के बहाव के चलते एप्रोच क्षतिग्रस्त होता रहता है। इसके किए कोई ठोस कार्ययोजना बनानी होगी। तभी जाकर इसका भरपूर लाभ इलाके के लोगों को मिल सकेगा। ग्रामीणों ने बताया कि यह दोनों तहसीलों का इलाका कृषि बहुल होने के साथ ही व्यापारिक दृष्टि से भी खासा महत्व रखता है। लोगों ने बताया कि करीब डेढ़ दशक पूर्व तत्कालीन लोक निर्माण मंत्री कुसुम राय ने क्षेत्रीय लोगों की मांग पर रामपुर बच्छलकापुरा गंगा तट पर पीपा पुल की आधारशिला रखी थी। मालूम हो की इसका संचालन आगामी 15 जून से मानसून के शुरू होने व गंगा के जलस्तर में बढोत्तरी के बाद अगले चार महीने 15 अक्टूबर तक के लिए बंद कर दिया जाता है। राहगीरों ने बताया कि इस वर्ष पीपापुल का संचालन करीब तीन महीनें देर से फरवरी माह में शुरू हो सका था। इस सम्बंध में लोनिवि खंड तृतीय के अवर अभियंता महेन्द्र मौर्य ने बताया कि जल्द ही एप्रोच का निर्माण कराके इसे वाहनों के लिए खोल दिया जाएगा।

## आग से तीन रिहायशी झोपड़ी जलकर राख, मचा कोहराम

**गाजीपुर।** मुहम्मदाबाद कोतवाली क्षेत्र के हनुमानगंज कोटिया में सोमवार को अज्ञात कारणों से लगी आग ने तीन रिहायशी झोपड़ियों को जलाकर राख कर दिया। जिन लोगों के रिहायशी झोपड़ियों में आग लगी। उनमें सोनू राम पुत्र लालचंद गोरख राम व पीकू देवी शामिल हैं। आग की लपटें इतनी विकराल थी कि देखते ही देखते तीनों के आशियाने पलक झपकते ही सब कुछ स्वाहा हो गया। पीड़ित सोनू पीकू एवं गोरख राम ने बताया कि हम लोग प्रतिदिन की भांति मजदूरी करने गए थे कि दोपहर में हमारे झोपड़ियों में आग लग गई। जब हम लोगों को इस बात की जानकारी हुई, तो दौड़कर आए और आग पर पानी डालकर बुझाने लगे। लोगों ने तत्काल फायर ब्रिगेड को सूचना दिया तो मौके पर फायर ब्रिगेड की गाड़ी भी आई और आग को बुझाने लगी। आग की लपटें इतनी विकराल थी कि फायर ब्रिगेड के आने से पहले ही उसमें रखा खाने, पहनने, रुपया बक्सा, बर्तन आदि सबकुछ जलकर राख हो गया।

### विश्व में पाई जाने वाली कछुओं की लगभग 300 प्रजातियों में से 129 प्रजातियां संकटग्रस्त

# कछुए विश्व के सर्वाधिक प्राचीन सरीसृप समूहों में से एक

**केटी न्यूज/बलिया**




उत्तर प्रदेश राज्य जैव विविधता बोर्ड के निर्देश के क्रम में मंगलवार को को विश्व कछुआ दिवस के अवसर पर वीके आनन्द, प्रभागीय निदेशक, सामाजिक वानिकी प्रभाग बलिया के निर्देशन में वन विभाग बलिया द्वारा सुरहाताल व समस्त रेंजों में जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें जलीय पारिस्थितिकी तन्त्र में कछुओं के महत्व पर परिचर्चा व मनन किया गया। कछुए दोनों प्रकार के जल अर्थात मीठे व खारे जल में रह सकते है। सम्पूर्ण विश्व में पाई जाने वाली कछुओं की लगभग 300 प्रजातियों में से 129 प्रजातियां संकटग्रस्त है। माना जाता है कि कछुए विश्व के सर्वाधिक प्राचीन सरीसृप समूहों में से एक है। ये लगभग 20 करोड़ वर्ष पूर्व डायनासोर के साथ भी धरती पर पाये जाते थे। कछुओं एवं उनके आवास के सम्बन्ध में जागरूकता उत्पन्न करने हेतु प्रतिवर्ष 23 मई, विश्व कछुआ दिवस के रूप में मनाया जाता है। वर्ष 2000 के बाद से प्रत्येक वर्ष एक अमेरिकी गैर लाभकारी संगठन अमेरिकन टारटाईज रेस्क्यू द्वारा विश्व कछुआ दिवस का आयोजन किया जाता है।

मान्यता है कि स्तनधारियों पक्षियों, सर्पों एवं छिपकलियों से भी पहले कछुओं का आविर्भाव इस धरती पर हो चुका था। हमारे देश व प्रदेश में कछुए अधिकतर नदियों और तालाबों में पाए जाते है। हमारी धरती पर पाई जाने वाली कछुओं की प्रजातियों में से कुछ स्थल व कुछ जल में रहती है। उत्तर प्रदेश में साफ पानी के कछुओं की 14 प्रजातियां अभिलिखित की गई है। सम्पूर्ण विश्व में कछुओं की संख्या में कमी आने के कारण इनके संरक्षण हेतु जन सामान्य को जागरूक किये जाने की आवश्यकता है। इस अवसर पर कछुओं के संरक्षण के प्रति आम जनमानस में जागरुकता संवेदनशीलता उत्पन्न करने हेतु विभिन्न जलीय स्त्रोतों के निकट आयोजन किया जा रहा है। कछुओं का शिकार पूर्ण रूप से प्रतिबन्धित है तथा वन्यजीव संरक्षण अधिनियम 1972 की धारा 51 के तहत दण्डनीय अपराध है।

## भ्रष्टाचार को लेकर अधिवक्ताओं ने किया कार्य बहिष्कार

**गाजीपुर।** मुहम्मदाबाद तहसील में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ सेंट्रल बार एसोसिएशन के समस्त अधिवक्ताओं ने कार्य बहिष्कार कर पूरे दिन हड़ताल पर चले गए। साथ ही संघ का एक प्रतिनिधि मंडल सेंट्रल बार के अध्यक्ष अनिल कुमार राय की अध्यक्षता में उप जिलाधिकारी भरत भार्गव से मिलकर मांग पत्र सौंपा। आरोप है कि तहसील में लेखपालों का भ्रष्टाचार काफी बढ़ गया है। लेखपालों द्वारा वरासत सहित छोटे से छोटे कार्यों में ?5000 से लेकर ?20000 तक वसूली किया जा रहा है। यहां तक की खेतों की पैमाइश, फाट बंदी, आदि कार्यों में जनता का उत्पीड़न करना, वहीं तहसील में पत्रावलियों का मुआयना करने ।वह उसमें प्रस्तुत नकल को जारी नहीं किए। जाने के संबंध में बार-बार तहसीलदार मोहम्मदाबाद एवं उप जिलाधिकारी मोहम्मदाबाद को पूर्व में पारित प्रस्ताव के माध्यम से सूचित किए जाने के बावजूद भी अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। अधिवक्ताओं ने चेतावनी दिया कि यदि 72 घंटे के अंदर भ्रष्ट लेखपालों पर यदि कार्रवाई नहीं की जाती है, तो हम सभी अधिवक्ता अनिश्चितकालीन कार्य बहिष्कार पर जाने को विवश होंगे। अधिवक्ताओं की बातों को सुनकर उप जिलाधिकारी भारत भार्गव ने तत्काल प्रकरण की गंभीरता को समझते हुए कार्रवाई का भरोसा दिया। मौके पर तहसीलदार विजय प्रताप सिंह, नायब तहसीलदार संदीप श्रीवास्तव के अलावा सचिव धनंजय कुमार राय सुलह अधिकारी, आलोक कुमार राय, केएन राय व अन्य मौजूद रहे।

## एक नजर

### तीन बच्चों की मां के साथ शादी करने की जिद पर अड़ा 18 वर्षीय युवक

**बलिया।** बैरिया में तीन बच्चों की मां एवं 40 वर्षीय विधवा के साथ शादी करने के लिए एक 18 वर्षीय युवक अड़ गया। मोहल्ले में इसे लेकर काफी बवाल हुआ। मामला बढ़कर बैरिया थाने में पहुंच गया। दोपहर बाद तक पुलिस मामले में पंचायत करती रही। बैरिया थाना क्षेत्र की महिला का मायका रेवती थाना क्षेत्र में है। कुछ दिन पहले एक शादी समारोह में शामिल होने के लिए सहतवार गई थी। उसकी मुलाकात शहर के काजीपुर निवासी युवक से हो गई। धीरे-धीरे बातें और मुलाकातें बढ़ने लगीं। महिला का एक पुत्र 11 वर्ष और दूसरा दो वर्ष का है। एक छह वर्ष की पुत्री भी है। बड़े पुत्र को भी अपनी मां का उस युवक से मिलना-जुलना अच्छा नहीं लगता था। पुत्र आपत्ति करता था तो उसकी मां पिटाई कर देती थी। परिजनों ने इसकी शिकायत बैरिया थाने में की। पुलिस ने युवक और उक्त विधवा को थाने में तलब किया। प्रभारी थानाध्यक्ष शिवचंद यादव ने बताया कि अगर युवक की वैधानिक उम्र शादी के लिए हो गई होगी तो कोई इन दोनों को रोक नहीं सकता है। अगर युवक की उम्र शादी के लिए वैध नहीं होगी तो कानूनी कार्रवाई पुलिस करेगी।




### साइबर ठगों ने खाते से 20000 रुपए उड़ाए

**बलिया।** मामला मनियर थाना क्षेत्र के मनियर कस्बे के वार्ड नंबर 13 पूरब टोला का है। पूरब टोला निवासी मंजीत बर्मा पुत्र दधिबल वर्मा अपना मोबाइल घर पर चार्ज में लगा कर क्षेत्र में विद्युत मरम्मत के कार्य में गया हुआ था। इसी बीच अनजान नंबर से उसके मोबाइल पर कॉल आया कि आपके अकाउंट में बीस हजार रुपए भेज दिया गया है। उसके बाद कॉल करने वाले ने कुछ प्रक्रिया करने के लिए कहा जो प्रक्रिया मंजीत बर्मा की पत्नी ने कर दिया ।कुछ देर बाद मंजीत बर्मा जब घर वापस आया तो मोबाइल फोन पे की हिस्ट्री देखा तो उसके अकाउंट से बीस हजार रुपए कट गए थे । फिर उसी नंबर से कॉल आया कि पांच हजार रुपए आपके अकाउंट में भेज दिया गया है लेकिन इस बार मंजीत वर्मा ने कोई प्रति उत्तर नहीं दिया तथा तुरंत इसकी शिकायत भारतीय स्टेट बैंक के शाखा प्रबंधक से की ।उसके बाद ऑनलाइन शिकायत संबंधित अधिकारियों से किया।



### आकाशीय बिजली गिरने से भैंस मरी

बलिया। मंगलवार की सुबह गरज तड़प के साथ बारिश शुरू हुई। बारिश होने से लोगों को गर्मी से कुछ राहत मिला। बारिश के दौरान ओले भी पड़े ।बारिश का असर मनियर क्षेत्र में ही रहा। घोघा चट्टी के आगे बारिश नहीं हुई। इसी बीच आकाशीय बिजली मनियर थाना क्षेत्र के पूरब पटखौली निवासी रामवृक्ष यादव के रियायसी झोपड़ी पर गिरी जिससे झोपड़ी में आग लग गई। बगल में नीम पेड़ के नीचे बंधी भैंस बिजली गिरने से झुलस कर मर गई। लोगों ने किसी तरह से आग पर काबू पाया। बताया जा रहा है कि झोपड़ी के बगल में नीम के पेड़ के नीचे भैंस बंधी हुई थी। भैंस भी रामवृक्ष यादव की बताई जा रही है। भैंस की कीमत करीब 80,000 बताया जा रहा है। संजोग अच्छा रहा कि बगल में खेल रहे बच्चे अकाशी बिजली की चपेट में नहीं आये।



### पानी की बर्बादी ना करें ग्रामीण : शैलेश

**मऊ।** सामाजिक वानिकी वन प्रभाग मऊ के तत्वाधान में मोहम्मदाबाद गोहना वन विभाग कार्यालय पर मंगलवार को एक किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस किसान गोष्ठी को संबोधित करते हुए क्षेत्रीय वन अधिकारी रेंज मोहम्मदाबाद गोहना शैलेश यादव ने ब्लॉक के गालिब पुर हलीमा बाद सी गाड़ी गांव से आए लगभग 5 दर्जन किसानों को 23 मई से 4 जून तक चलाए जा रहे पर्यावरण संरक्षण जीवन जीने के तरीके में बदलाव जल बचाओ विद्युत बचाओ आज के बारे में किसानों को जागरूक किया। उन्होंने बताया कि वातावरण को अनुकूल बनाएं ज्यादा से ज्यादा पौधरोपण करें पानी का दोहन कम करें। जैविक खेती से उर्वरता बनी रहेगी और अनाज की पैदावार भी ज्यादा होगी गेहूं एवं धान की पैदावार के लिए पानी की मात्रा जितनी पानी की आवश्यकता हो उतना ही पानी चलाएं। पानी की बर्बादी ना करें। इस अवसर पर आए हुए किसानों को विभिन्न टिप्स दिए इस मौके पर स्थानीय क्षेत्रीय वन अधिकारी राम प्रकाश मौर्या, विनोद आर्य, अरुण कुमार, सनबीम हायर सेकेंडरी स्कूल के मैनेजर पंकज सिंह युवराज, अभिमन्यु त्रिपाठी, शैलेश कुमार, रमेश, किसान शहजाद, रणधीर यादव, रामप्यारे, शेखर सिंह, इमरान खान, नीरज सिंह, राजेश चौहान, अनुराग श्रीवास्तव आदि वन विभाग के समस्त कर्मचारी एवं लोग मौजूद रहे।



### विवाहिता ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**मऊ।** हलधरपुर थाने के साहूपुर ग्राम पंचायत में सोमवार की रात्रि एक विवाहिता ने कमरे में लगे पंखे के सहारे रस्सी से फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर लिया। घटना के बारे में बताया जाता है कि याश्मीन पत्नी रफीक अहमद उर्फ गुलजार (34) घर पर ही कपड़े की सिलाई कर पति तथा आठ वर्षीय पुत्र गोलू की परवरिश करती थी। विगत काफी दिनों से पति रफीक भी बीमार रहता है। लोगों के अनुसार गोरखपुर से उसकी दवा चलती है। घटना की रात्रि परिवार के तीनों सदस्य खाना खाने के बाद छत पर सोए हुए थे। इसी दौरान याश्मीन छत से उतर कर कमरे में आई और आत्महत्या कर ली। पति को इस घटना की जानकारी उस समय हुई जब भोर में लगभग 4:00 बजे वह छत से उतर कर कमरे में आया ,जहाँ पत्नी का शरीर रस्सी के सहारे पंखे से लटक रहा था। उसने ग्राम प्रधान एवं पुलिस को घटना की सूचना दिया ।इस दौरान मृतका के मायका गाजीपुर जनपद के दुल्लहपुर थानांतर्गत स्थित अमेठी गांव से उसके भाई एवं अन्य संबंधी भी घटनास्थल पहुँच गए। पुलिस ने पंचनामा बनवा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया ।घटना के बाद पति रफीक एवं बेटे गोले का रोते-रोते बुरा हाल हो गया। अगल बगल के लोगों ने महिला के बारे में यह भी बताया कि कुछ दिनों पहले उसने कहीं कुछ पैसे देकर जमा किए थे, बाद में उसे पता चला कि वह ठगी का शिकार हुई है ।अपनी गाढ़ी कमाई के लुटने के बाद से वह मानसिक रूप से असंतुलित रहने लगी थी ।खराब दिमागी हालत का आलम यह था कि वह जाने-अनजाने किसी व्यक्ति से अपने उन पैसों की माँग करने लगती थी। लोग मानसिक तनाव को भी घटना से जोड़कर देख रहे हैं।

